## सीएम ने लांच किया 'मेरा भारत, मेरा योगदान' अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से ऊर्जा संरक्षण, संसाधनों की बचत, 'वोकल फॉर लोकल' और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के आह्वान के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार की ओर से व्यापक जनभागीदारी अभियान 'मेरा भारत, मेरा योगदान' की घोषणा की।

मुख्यमंत्री के अनुसार यह 'दिल्ली सरकार का जन अभियान' है, जिसमें सरकार से लेकर आम-जन को भी जोड़ा गया है। इस अभियान के तहत आवश्यक सेवाओं को छोड़ दिल्ली सरकार में सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम, ईंधन बचत, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, मेड इन इंडिया और जिम्मेदार जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इस महत्वपूर्ण निर्णय की जानकारी मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। कॉन्फ्रेंस में दिल्ली सरकार के सभी मंत्री भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर जारी आर्थिक अस्थिरता, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, ईंधन संकट और बढ़ती आयात लागत का प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ रहा है और भारत भी इससे अछूता नहीं है। ऐसे समय में देशर्हि. हत को सर्वोपरि रखते हुए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह संसाधनों की बचत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान दे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई सात प्रमुख अपीलें केवल सुझाव नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में सामूहिक जिम्मेदारी का आह्वान हैं। इन्हीं अपीलों को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए दिल्ली सरकार 'मेरा भारत, मेरा योगदान' नाम से 90 दिवसीय व्यापक जागरूकता अभियान शुरू कर रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार ने ईंधन बचत और ट्रैफिक प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिए हैं। दिल्ली सरकार के सभी विभागों में सप्ताह में दो दिन 'वर्क फ्रॉम होम' व्यवस्था लागू की जाएगी। निजी कंपनियों और संस्थानों को भी अपनी सुविधा के अनुसार सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम लागू करने की सलाह दी जा रही है। इस संबंध में श्रम विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए सिंगल विंडो हेल्प डेस्क व कॉल सेंटर भी स्थापित किया जाएगा। साथ ही सरकार बड़ी कंपनियों और संस्थानों से व्यक्तिगत स्तर पर संवाद कर सहयोग सुनिश्चित करेगी।मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था उन आवश्यक सेवाओं पर लागू नहीं होगी, जो सीधे जन-सुविधाओं और सार्वजनिक कार्यों से जुड़ी हैं। इनमें पब्लिक डीलिंग से संबंधित विभाग, फायर सर्विस, अस्पताल, जेल प्रशासन, सार्वजनिक परिवहन, बिजली एवं जल आपूर्ति इत्यादि जैसी आवश्यक सेवाएं शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्तर पर वाहनों के उपयोग को न्यूनतम किया जाएगा। नए निर्णय के अनुसार अधिकारियों के पेट्रोल अलाउंस में 20 प्रतिशत तक की कटौती की गई है। जिन वाहनों की पहले 200 लीटर पेट्रोल की सीमा थी, उसे घटाकर 160 लीटर तथा 250 लीटर की सीमा को घटाकर 200 लीटर किया गया है।

### पिस्टल के साथ दबोचा हिस्ट्रीशीटर

**नई दिल्ली।** मयूर विहार थाना पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। बदमाश की पहचान सरफराज उर्फ राजा के रूप में हुई है। इसके खिलाफ पहले से लूट, चोरी, स्नैचिंग और आर्म्स एक्ट सहित आठ आपराधिक केस दर्ज हैं। बदमाश से पूछताछ कर पुलिस पता लगा रही है हथियार कहां से खरीदा था। पुलिस ने बताया कि मयूर विहार थाना पुलिस की टीम त्रिलोकपुरी के 18 ब्लाक में गश्त कर रही थी।

इसी दौरान एक पुलिसकर्मी को एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो वह अचानक भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर कुछ ही दूरी पर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक पिस्टल बरामद हुई।

## नवविवाहिता की नृशंस हत्या का मामला सुलझा, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के नबी करीम थाने की टीम ने नवविवाहिता की नृशंस हत्या का मामला सुलझाकर मुख्य आरोपी को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी अपराध करने के बाद फरार हो गया था।

दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर ने बताया कि 08.मई की रात को नबी करीम थाने को नबी करीम के लक्ष्मणपुरी में स्थित एक मकान के मकान मालिक से एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि किराएदार के कमरे से बदबू आ रही है। कॉल करने वाले ने बताया कि किराएदार कमरे के अंदर मौजूद नहीं है। मौके पर पहुंचने पर, पुलिस टीम को कमरे के अंदर बिस्तर पर एक महिला का सड़ा-गला शव पड़ा मिला जो उत्तराखंड के हल्द्वानी की रहने वाली थी और उसकी उम्र लगभग 28 वर्ष थी।

जांच के दौरान, यह सामने आया कि मृतका ने 26. अप्रैल को बिहार के वैशाली जिले के रहने वाले मोहम्मद एजाज (39) से शादी की थी और दोनों ने हाल ही में उक्त किराए के मकान में एक साथ रहना शुरू किया था। इसके बाद नबी करीम थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी पहाड़गंज की देखरेख में एसएचओ नवी करीम के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जाँच के दौरान, मृतक के पिता ने तहसीलदार के सामने आरोपी मोहम्मद एजाज और उसके भाई सरफराज (29) पर दहेज के लिए उत्पीड़न करने के आरोप लगाए। इसके बाद आरोपी सरफराज को गिरफ्तार कर लिया गया।आगे की जाँच में पता चला कि मुख्य आरोपी, मोहम्मद एजाज, अपने ज्ञात ठिकाने से फरार हो गया था। लगातार तकनीकी निगरानी के दौरान,टीम ने आरोपी मोहम्मद एजाज को कोलकाता के कराया इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी मोहम्मद एजाज ने बताया कि 6 मई की रात को, दहेज/पैसे से जुड़े विवादों को लेकर शक के कारण उनके बीच झगड़ा हुआ था। आरोपी ने कबूल किया कि झगड़े के दौरान, उसने अपने हाथों से मृतक का गला घोंट दिया, जिसके परिणामस्वरूप उसकी मृत्यु हो गई।

## बीडीएस डॉक्टर बना सीरियल प्रॉपर्टी फ्रॉड करने वाला, किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने सीरियल प्रॉपर्टी फ्रॉड करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी बीडीएस डॉक्टर है और पिछले सात महीनों से फरार चल रहा था। रैकेट के जरिए उसने कई पीड़ितों से एक करोड़ से ज्यादा की ठगी की। उसने यमुना विहार,में स्थित एक ही प्राइम प्रॉपर्टी को धोखाधड़ी से गिरवी रखकर और बार-बार अलग-अलग लोगों को सिक्योरिटी के तौर पर पेश करके ठगी की थी।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि अपराध शाखा को पता चला था कि बीडीएस और एमडीएस डॉक्टर है और अपने इलाके में 'डॉ. साहब' के नाम से मशहूर आरोपी मजाहर खान (44) ने अपनी सामाजिक हैसियत का गलत इस्तेमाल करके लोगों को सिक्योरिटी के तौर पर फ्लैट पेश किया जबकि वह प्रॉपर्टी पहले से ही बैंक के पास गिरवी रखी हुई थी। जरूरी तथ्यों को छिपाकर और मालिकाना हक की स्थिति के बारे में गलत जानकारी देकर, उसने इलाके में कई लोगों को सुनियोजित तरीके से ठगा था ।इसके बाद आरोपी का पता लगाने के लिए एसीपी नरेंद्र सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर सुनील कुंडू की नेतृत्व में टीम ने तकनीकी निगरानी और मैनुअल इनपुट के जरिए, आरोपी मजहर को देहराद. ून के पास, गणेशपुर टोल प्लाजा,से गिरफ्तार कर लिया।



मुख्यमंत्री ने लॉन्च किया 'मेरा भारत, मेरा योगदान' अभियान।

### एक नजर

#### बिजनेस मल्टीप्लायर क्रेडिट कार्ड लांच किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने फाउंडर्स, आंत्रप्रेन्योर्स और बिजनेस ऑनर्स के लिए एफडी-समर्थित बिजनेस मल्टीप्लायर मेटल क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। इस प्रीमियम मेटल कार्ड को बिजनेस संबंधी हर दिन की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। बिजनेस खर्चों के लिए अलग क्रेडिट लिमिट के साथ यह कार्ड बिजनेस और पर्सनल खर्चों को अलग-अलग रखने में मदद करता है। लॉन्च के बारे में बात करते हुए शिरीष भंडारी, हेड-काड्र्स, पेमेंट्स और लॉयल्टी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने कहा, ष्आज भी कई ग्रोथ-स्टेज बिजनेस अपने हर दिन के खर्चों के लिए डेबिट या रिटेल काड्र्स का इस्तेमाल करते हैं। एफडी-समर्थित बिजनेस मल्टीप्लायर मेटल क्रेडिट कार्ड उन्हें एक ऐसा विकल्प प्रदान करता है, जिसे खासतौर पर बिजनेस संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

#### बाबा हरदेव सिंह जी को श्रद्धा सुमन अर्पित



**नई दिल्ली।** श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना से परिपूर्ण दिव्य वातावरण में संत निरंकारी मिशन द्वारा युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति में संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में परम् श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के सान्निध्य में भावपूर्ण संत समागम का आयोजन हुआ। इस आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं ने सतगुरु के पावन दर्शन एवं अमृतमयी प्रवचनों को श्रवण कर आत्मिक शांति, आनंद एवं दिव्य प्रेरणा का अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने अपने आशीर्वचनों में फरमाया कि बाबा जी का सम्पूर्ण जीवन मानवता, सेवा और प्रेमा भक्ति का दिव्य उदाहरण रहा। उन्होंने प्रेरित किया कि मानव जीवन का प्रत्येक क्षण सार्थक बने और हर पल इंसानियत, करुणा एवं मानवीय मूल्यों का प्रमाण प्रस्तुत करे। बाबा जी ने सदैव यही शिक्षा दी कि प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर मानवीय गुण विकसित कर निराकार का आसरा लेते हुए सार्थक एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीयें।

#### री-नीट छात्रों के लिए लांच किया विक्ट्री बैच

**नई दिल्ली।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमटेड ने 3 मई 2026 को आयोजित नीट परीक्षा रद्द होने के बाद री-नीट में शामिल होने वाले छात्रों के लिए श्विक्ट्री बैचश लॉन्च किया है। यह विशेष बैच छात्रों को केवल 99 रुपये में उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं आक. ाश में पढ़ने वाले छात्रों के लिए यह पहल पूरी तरह निःशुल्क रहेगी। छात्रों के बीच बनी अनिश्चितता, तनाव और मानसिक दबाव को ध्यान में रखते हुए आकाश ने यह बैच शुरू किया है, ताकि विद्यार्थी दोबारा होने वाली परीक्षा तक अपनी तैयारी को मजबूत और व्यवस्थित बनाए रख सकें।

#### सभी पार्टी पदाधिकारी पैट्रोल बचायेंगे: सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की देशवासियों से विदेशी मुद्रा बचत हेतू पैट्रोल डीजल खपत कम करने एवं विदेश यात्रा से बचने के अपील दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता की सरकारी स्तर पर पैट्रोल डीजल की बचत घोषणाओं का स्वागत करते हुए कहा है की यह देशहित में उठाया आपातकालीन कदम है।

### जनता को भ्रमित होने से बचना चाहिए: पैंथर्स पार्टी

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश नेशनल पैंथर्स पार्टी के अध्यक्ष राजीव जोली खोसला ने कहा कि जनता को भ्रमित होने से बचना चाहिए। कई भ्रमित करने वाली बातें लगातार सोशल मीडिया में सरकार के खिलाफ खुले आम ट्रेंड कर रही है कि आने वाले दिनों में बैंक करप्ट हो जाएंगे अपना पैसा बैंकों से निकाल लो खाने पीने की वस्तुओं का स्टॉक कर लो व अन्य कई प्रकार की गुमराह करने वाली बातें जनता महंगाई से परेशान है, वहीं ज्वेलरी व्यापारी भी परेशान है कि एक साल मे हम भी सड़क पर आ जायेंगे। उन्होंने कहा कि पैंथर्स अनुरोध करती है कि सरकार मे बैठे नुमाइंदे पहले अमल करें, जनता को गुमराह ना करें।

## निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जम जम फाउन्डेशन के द्वारा मल्का गंज क्षेत्र में कबीर बस्ती स्थित मदीना मस्जिद में आज डॉ. श्रॉफ चौरिटी आई हॉस्पिटल के सहयोग से एक निःशुल्क मोतियाबिंद जाँच शिविर लगाया गया जिसमें लगभग 100 लोगों की निःशुल्क मोतियाबिंद की जाँच की गई तथा 25 लोगों को निःशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए दो दिन बाद कि रोटरी-डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई क्लिनिक करोल बाग में आने की तारीख दी गई।



इस अवसर पर ऑल इण्डिया ईमाम ऑर्गनाइजेशन के चीफ काजी मुफ्ती मौहम्मद ताहिर हुसैन जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान उपाध्यक्ष मौहम्मद अजहर महासचिव मौहम्मद अनवार कोषाध्यक्ष जहीर आलम मदीना मस्जिद के ईमाम मौलाना मौहम्मद इमरान सहित मौहम्मद शहजाद, शफीकुद्दीन, मनोज कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने कहा कि आंखें कुदरत की सबसे बड़ी नेअमत है और बुजुर्ग लोगों की आँखों की देखभाल करना भी बहुत जरूरी होता है ताकि मोतियाबिंद जैसी बीमारी का समय रहते ईलाज कराके आँखों की रोशनी को बचाया जा सकें। शमीम अहमद खान ने बताया कि शिविर में लोगों को रियायती दरों पर नजर के चश्में भी उपलब्ध कराए गए।

## महिला को बंधक बनाकर नगदी व ज्वैलरी लूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** त्रिलोकपुरी इलाके में दिनदहाड़े दो बदमाशों ने एक घर में घुसकर महिला को बंधक बनाकर आठ लाख रुपये व गहने लूट लिए। वारदात के वक्त महिला घर में अकेली थी। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश फरार हो गए। पीड़िता से पूछताछ कर मयूर विहार थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि 11.17 बजे पीसीआर काल के जरिये पुलिस को लूट की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां पीड़िता फिरोजा मौजूद मिलीं।पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब 11 बजे वह घर पर अकेली थीं और मुख्य गेट खुला हुआ था। इसी दौरान दो अज्ञात बदमाश घर में घुस आए। आरोपियों ने जबरन उन्हें काबू कर लिया और हाथ-पैर तथा मुंह को टेप और कपड़े से बांधकर बिस्तर पर डाल दिया। इसके बाद बदमाशों ने उनके पर्स से अलमारी की चाबी निकाली, लाकर खोला और वहां से सोने-चांदी के गहने और करीब 8 लाख रुपये की नकदी लूटकर मौके से फरार हो गए। कुछ समय बाद परिजन और पड़ोसी घर पहुंचे और महिला को बंधन से मुक्त कर पुलिस को सूचना दी।



उपमहापौर डॉ. मोनिका पंत की निगम के सूचना प्रौद्योगिकी ( आई.टी. ) विभाग की समीक्षा बैठक में भाग लेते हुए।

## 'कला पर्याप्त नहीं है' का विमोचन व संवाद आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बीकानेर हाउस में कला, विचार और संवाद से सजी एक भव्य संध्या का आयोजन किया गया, जहाँ कला चिंतक तथा आईसीएसी आर्ट गैलरी के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. रविन्द्र मार्डिया की पुस्तक "कला पर्याप्त नहीं है" का विधिवत विमोचन हुआ। कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण जॉनी एमएल द्वारा किया गया ।मंच संचालन रितु सिंह पांडेय द्वारा प्रभावशाली एवं सौम्य शैली में किया गया। अपने संबोधन में डॉ. रविन्द्र मार्डिया ने कहा कि कला केवल सौंदर्य का माध्यम नहीं,



बल्कि समाज और मानवीय चेतना को दिशा देने वाली एक सशक्त ऊर्जा है। कार्यक्रम में पद्मश्री से सम्मानित वरिष्ठ मूर्तिकार बिमन बिहारी दास, वरिष्ठ कलाकार पद्मश्री जतिन दास, कोलाज ऑफ आर्ट के संस्थापक अश्विनी पृथ्वीवासी, राजन श्रीपद फुलारी, ललित सूरी राजीव लोचन, उदय जैन (धूमीमल आर्ट गैलरी), आनंद मोय बनर्जी, एवं प्रयाग शुक्ल सहित कला क्षेत्र की अनेक विशिष्ट हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## उपमहापौर ने ऑनलाइन सेवाओं को सुलभ बनाने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उपमहापौर डॉ. मोनिका पंत की अध्यक्षता में आज दिल्ली नगर निगम के सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी.) विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में डीसी आई.टी. श्री अंशुल सिरोही सहित विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपमहापौर डॉ. मोनिका पंत ने आई.टी. विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यों एवं परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम द्वारा नागरिकों को प्रदान की जा रही ऑनलाइन सेवाओं को और अधिक सरल, प्रभावी एवं सुगम बनाया जाना चाहिए ताकि आम नागरिकों को विभिन्न सेवाओं का लाभ घर बैठे आसानी से प्राप्त हो सके। उपमहापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निगम की डिजिटल सेवाओं में पारदर्शिता एवं दक्षता बढ़ाने के लिए तकनीकी व्यवस्थाओं को लगातार मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सकता है तथा निगम सेवाओं को अधिक जवाबदेह बनाया जा सकता है। बैठक में विशेष रूप से दिल्ली नगर निगम के 311 ऐप के प्रचार-प्रसार एवं नागरिक जागरूकता पर चर्चा की गई। उपमहापौर डॉ. मोनिका पंत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 311 ऐप के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के लिए निगम के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जनसंपर्क माध्यमों एवं अन्य प्रचार माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को यह जानकारी दी जानी चाहिए कि 311 ऐप के माध्यम से वे विभिन्न नागरिक समस्याओं एवं शिकायतों को आसानी से दर्ज करा सकते हैं और उनकी निगरानी भी कर सकते हैं।

### शनि जन्मोत्सव पर चांदनी चौक में शोभायात्रा का आयोजन होगा

**नई दिल्ली।** श्री शनिदेव महाराज का जन्मोत्सव आगामी 16 मई शनिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। प्राचीन श्री शिव नवग्रह मंदिर धाम, चांदनी चौक के पीठाधीश्वर महंत श्री शिवशंकर जी महाराज ने बताया,कि ज्येष्ठ अमावस्या को शनिदेव महाराज के जन्मोत्सव पर नवग्रह नगर परिक्रमा के रूप में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य मुकेश शास्त्री ने बताया,कि शनि जन्मोत्सव पर शोभायात्रा शाम 4 बजे मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर फव्वारा चौक,टाउन हाल, फतेहपुरी,पान मंडी नया बांस,खारी बावली, चर्च मिशन रोड़ पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन होती हुई वापस मंदिर प्रांगण में आकर संपन्न होगी

## 90 पर्सेंट के साथ अरवदा ने किया स्कूल का नाम रौशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने वर्ष 2026 के कक्षा 12वीं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। सेंट जोसेफ एकेडमी, सविता विहार की छात्रा अरवदा गौड़ ने इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने स्कूल और माता-पिता का नाम रोशन किया है। अर्वादा ने सबसे ज्यादा अंग्रेजी में 93 अंक प्राप्त किए हैं, जबकि सबसे कम शारीरिक शिक्षा में 85 अंक प्राप्त किए हैं। सेंट जोसेफ एकेडमी, सविता विहार की छात्रा अरवदा गौड़ ने सीबीएसई 12वीं कक्षा में अंग्रेजी विषय में 93, इतिहास में 91, राजनीति विज्ञान में 92, अर्थशास्त्र में 88 और शारीरिक शिक्षा में 85 अंक प्राप्त किए हैं। उन्हें उन्हें अधिकांश विषयों में श।1श ग्रेड मिला है, जो उनकी कड़ी मेहनत और शैक्षणिक प्रतिभा को दर्शाता है।

अर्वादा की इस उपलब्धि पर उनके दादा-पिता,मूलचंद गौड़ और भारत गौड़ ने खुशी जाहिर की है। स्कूल प्रशासन ने भी छात्रा को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।


शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

## दिव्य ज्ञान स्कूल के बच्चों ने योगासन में प्राप्त किए प्रणाम पत्र




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** दिव्य ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल (भवी) के विद्यार्थियों ने योगासन में जिला स्तर पर भाग लिया, जिसमे भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रिंसिपल ने इस अवसर पर कहा कि हमें अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हमारे स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी सफलता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले छात्रों में कक्षा 2 के छात्र - अध्ययन, अदविक, शुभम, विधान, अली बुरहान, कक्षा 3 की छात्रा- आरुषि, गरिमा, कक्षा 4 के छात्र- मोहम्मद गाजी, दक्षिका, आरव, कक्षा 5 की छात्रा -अनन्या तथा कक्षा 6 के छात्र -लव, मयंक, शान, नवाजिश तथा तान्या शामिल हैं। सभी छात्र-छात्राओं ने योगासन प्रतियोगिता में अद्भुत प्रदर्शन कर अपने स्कूल 'दिव्य ज्ञान इंटरनेशनल स्कूलश का नाम गौरवान्वित किया है।

# सीएसएचपी स्कूल प्रताप विहार के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 में सीएसएचपी स्कूल प्रताप विहार के छात्रो ने शानदार उपलब्धियां हासिल करते हुए एक बार फिर से विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा तथा छात्रों ने विभिन्न विषयों में उल्लेखनीय अंक प्राप्त कर सफलता के नए मानदंड स्थापित किए। बारहवीं कक्षा के सभी संकायों विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी में छात्रों ने श्रेष्ठतम प्रदर्शन किया। मानविकी संकाय में हेमागंनी ने 95% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में देवाशं ने 94% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में श्रेया राघव 94% अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहीं,




और स्कूल का गौरव बढ़ाया। छात्रों ने विभिन्न विषयों में व्यक्तिगत रूप से बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिसमें हेमागिंनी ,यशमीन और रोनिका (कला में 100 अंक,)आरुषि (कंप्युटर साइंस में 98 अंक), आदित्य शर्मा (गणित में 98 अंक,) आकांक्षा कुमारी (जीवविज्ञान में 98 अंक,) यशमीन (फिजीकल एजुकेशन में 98 अंक) का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। यह सफलता विद्यालय के छात्रों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर अर्जित की। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावको एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की लगन, शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी निरंतर प्रगति करते हुए नयी ऊँचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की निर्देशिका सविता गुप्ता ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं बल्कि विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ साथ आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना भी है।

## नेहरू वर्ल्ड स्कूल ने सीबीएसई में लहराया परचम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सीबीएसई का बाहरवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। नेहरु वर्ल्ड स्कूल का परिणाम बेहद सुखद व शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। विज्ञान वर्ग में आराध्या भारद्वाज व कला वर्ग में सिद्धो जन ने संयुक्त रुप से सवाधिक 99.2% अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त अंशिका यादव व देविशी मित्तल ने संयुक्त रुप से 99% प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कुल 82 विद्यार्थियों ने 90% प्रतिशत व उसस अधिक अंक प्राप्त किए। परीक्षा परिणाम के विशेष बिन्दु: परीक्षा परिणाम 100%, विज्ञान वर्ग - आराध्या भारद्वाज, 99.2% -कला वर्ग सिद्धी जैन, 99.2% वाणिज्य वर्ग- गीतिका गुप्ता, 97% 90% व उससे अधिक, 82 विशेष योग्यता 189 प्राप्त किये।

## एचएलएम लीग अकादमी थ्री एस क्रिकेट अकादमी का दबदबा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एचएलएम कॉलेज ग्राउंड में आयोजित ष14वीं एचएलएम लीग ऑफ इमर्जिंग प्लेयर्स" क्रिकेट टूर्नामेंट में थ्री एस क्रिकेट अकादमी ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए एएसपी क्रिकेट अकादमी को 369 रनों के विशाल अंतर से हराया। थ्री एस क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी सिर्फ मैच नहीं जीतते, बल्कि अपने जुनून, मेहनत और अनुशासन से हर किसी का दिल जीत लेते हैं। उनकी बल्लेबाजी में आत्मविश्वास, गेंदबाजी में धार और मैदान पर टीम वर्क देखने लायक होता है। पहले बल्लेबाजी करते हुए एच एल एम थ्री एस एस क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवरों में 436/2 का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के



बल्लेबाज वर्चस्व मलिक ने ऐतिहासिक पारी खेलते हुए 250 रन बनाए, जबकि पृथ्वीराज सिंह ने मात्र 36 गेंदों में तूफानी 100 रन बनाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। टीम की और से कोषाग्र शर्मा ने 36 एवं प्रगुण भारद्वाज ने 30 रन की महत्वपूर्ण पारी खेल कर अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी षएएसपी क्रिकेट अकादमीष की टीम 16.2 ओवरों में केवल 67 रन पर ऑलआउट हो गई। गेंदबाजी में जयंत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट हासिल किए, जबकि चाहक भारद्वाज और लक्ष्य भारद्वाज ने भी महत्वपूर्ण विकेट लिए। लगातार शानदार जीत के साथ थ्री एस क्रिकेट अकादमी ने टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। कार्यक्रम के आयोजन में कॉलेज के निदेशक डॉ. अनुज अग्रवाल, सहायक निदेशक डॉ. धीरज कुमार शर्मा, बी.टेक निदेशक डॉ. पंकज कुमार उपस्थिति रहे। शारी. रिक शिक्षा विभाग के विभागअध्यक्ष डॉ अर्जुन सिंह पंवार, डॉ अनिल कुमार बाजपेयी व डॉ राजकुमार शर्मा, व कॉलेज के अन्य स्टाफ व शिक्षक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय में परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय में इस बार का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा तथा विद्यालय की बालिकाओं ने रिकॉर्ड तोड़ सफलता प्राप्त की है। विद्यालय की कुल 429 छात्राओं ने इस वर्ष परीक्षा दी थी जिसमें से 40 से अधिक छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त करके जिले में विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल टॉपर्स में अंशु यादव तथा अदिति तोमर ने 96.8% अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। मानवी गौतम ने 95.8% अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा हर्षिता राठौर ने 95.2% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। विभिन्न छात्राओं ने 13 विषयों में शत- प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्या एवं विद्यालय परिवार सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## ब्राह्मण समाज की आस्था एवं सम्मान पर आपत्तिजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं: राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज के विरुद्ध दिए गए अत्यंत आपत्ति. जनक, घृणित एवं समाज को विभाजित करने वाले बयान से संपूर्ण ब्राह्मण समाज गहरे रूप से आहत एवं आक्रोशित है। उक्त बयान न केवल करोड़ों ब्राह्मणों की धार्मिक एवं सामाजिक भावनाओं का अपमान है, बल्कि भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और सामाजिक समरसता पर भी सीधा प्रहार है। राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ इस प्रकार की जातिवादी एवं विद्वेषपूर्ण मानसिकता की कड़े शब्दों में निंदा करता है। संगठन का स्पष्ट मानना है कि



किसी भी जाति, समाज अथवा वर्ग के विरुद्ध सार्वजनिक मंच से अपमानजनक टिप्पणी करना सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसी क्रम में राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित प्रवेश दत्त भारद्वाज के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर थाना पहुंचकर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किए जाने हेतु प्रार्थना पत्र सौंपा। संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि समाज में वैमनस्य फैलाने वाले ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयान देने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी समाज की गरिमा को ठेस पहुंच. ाने का दुस्साहस न कर सके।

## गाजियाबाद पब्लिक स्कूल के छात्रों ने रचा इतिहास



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पब्लिक स्कूल के मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रों ने बारहवीं की परीक्षा में सर्वोत्तम अंक हासिल कर एक बार फिर स्वर्णिम इतिहास रचा है। छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत से एक बार फिर से विद्यालय एवं परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। विषयों के अनुसार टॉपर विद्याथियो के नाम 2025-2026 SUBJECT WISE TOPPER (2025-2026) कम संख्या विषय नामइअंग्रेजी कारे (301) हिन्दी कारे (302) 98 कमल जैन इतिहास (027) 95 माही राजनी. ति विज्ञान (028) 91 माही अर्थषात्र (030) 90 कनिका गणित (041) 96 दिव्यांश भौतिक (042) 92 मयंक पांचाल रसायन विज्ञान (043) 93 मयंक जीव विज्ञान (044) 91 मयंक शारीरिक शिक्षा (048) 87 रिशिता चित्रकारी (049) 97 कुणाल व्यवसाय अध्ययन (054) 100 प्रियांशी लेखा शास्त्र (055) 96 दिव्यांश 99 दिव्यांश त्यागी कंप्यूटर विज्ञान (083)76 हिमांशु अंक प्राप्त किये।

## गिन्नी देवी कॉलेज में हुआ संगीत का आध्यात्मिक महत्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज के संगीत विभाग के तत्वावधान में छात्राओं के ज्ञानवर्धन हेतु एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन संगीत विभागाध्यक्षा डॉ. आकांक्षा सारस्वत के निर्देशन में किया गया। व्याख्यान का विषय ष्संगीत का आध्यात्मिक महत्वष रहा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मान्यवर काशीराम राजकीय महाविद्यालय के संगीत विभाग के प्राध्यापक डॉ. भगत सिंह रहे। डॉ. सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में संगीत को ईश्वर की आराधना का सर्वोत्तम माध्यम माना गया है। उन्होंने नाद-ब्रह्म की अवधारणा को समझाते हुए बताया कि कैसे शास्त्रीय संगीत के सात स्वर मानव शरीर के सात चक्रों से जुड़े हैं और आत्मिक



शांति प्रदान करते हैं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रवक्ताओं सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।



**मोदीनगर। मोदीनगर तहसील के गांव मुरादाबाद में उप जिलाधिकारी मोदीनगर के निर्देश पर सरकारी नाली को चिन्हित कर कब्जामुक्त कराते नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा! लेखपाल अलका, सौरभ मलिक, भगत सिंह भी मौजूद रहे!**

## जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई सैकेण्ड्री का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई सैकेण्ड्री 2026 का परीक्षा परिणा 100% रहा। जिसमें 96 परीक्षार्थियों ने विषयवार 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए।

जिसमे किंजल जायसवाल 95 प्रतिशत साइंस, रूथ मेसी 92 प्रतिशत कॉमर्स, कुशाग्र सिंह 90.2 प्रतिशत कामर्स, राज गौतम साइंस 90 प्रतिशत, रितिका पांडेय 89.8 प्रतिशत कॉमर्स, आदित्य वर्मा 88.2 प्रतिशत कॉमर्स, यशपाल

87.8 प्रतिशत साइंस, आशी श्रीवास्तव 86.8 प्रतिशत ह्यूमेनिटीज, इशिका यादव 86.4 प्रतिशत ह्यूमेनिटीज, दिव्यांश प्रजापति 86.4 प्रतिशत कॉमर्स, अनुराग तिवारी 86.2 प्रतिशत साइंस, यश तोमर 86 प्रतिशत साइंस, अदिति शर्मा 86 प्रतिशत कॉमर्स, उपासना सिंह 85.2 प्रतिशत साइंस अंक प्राप्त किये।

## सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा में शानदार उपलब्धि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों ने विज्ञान, वाणिज्य एवं कलाख्रतीनों संकायों में उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। विद्यालय की छात्रा राधिका त्यागी ने 97.5% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। पार्थ श्रीवास्तव एवं ईशान गर्ग ने 97. 25% अंक अर्जित कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि शिवम दमानी ने 96.75% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। संकायवार उपलब्धियों में राधिका त्यागी ने कला संकाय में 97.5% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त



किया। विज्ञान संकाय में पार्थ श्रीवास्तव एवं ईशान गर्ग ने 97. 25% अंक अर्जित कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया, वहीं सिद्धार्थ शर्मा ने 96.25% अंक प्राप्त कर वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विषयवार उत्कृष्टता में भी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। ध्वनि अग्रवाल ने अंग्रेजी में, राधिका त्यागी, सृष्टि जैन एवं आनंदी गिनोत्रा ने मनोविज्ञान में, पार्थ श्रीवास्तव एवं दार्शिया शर्मा ने गणित में, कार्तिक सिंह, अनन्या अग्रवाल, दिव्यांशी सिंह, शचि जैन एवं प्राची गोयल ने पेंटिंग में तथा सिद्धार्थ शर्मा ने बिजनेस स्टडीज में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस वर्ष कुल 218 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की, जबकि विभिन्न विषयों में विद्यार्थियों द्वारा कुल 656 विशिष्ट अंक श्रेणियाँ (75%) प्राप्त की गईं, जो उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण हैं। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव गुणवत्तापूर्ण एवं उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह उपलब्धि उसी दिशा में प्रेरणादायक कदम है।

## एमपीएस पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** संजय नगर सेक्टर 23 स्थित एम.पी.एस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने कक्षा 12 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। जहां शौर्य कुमार ने 96 प्रतिशत, वंशिका शर्मा 94 प्रतिशत, दीक्षा 92 प्रतिशत, तन्नू तिवारी 91 प्रतिशत व श्वेता गुप्ता ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। स्कूल के प्रबंधक राजीव त्यागी,



प्रधानाचार्य दृन्दा मलहोत्रा व सभी शिक्षकों ने सभी छात्रों को अपना आर्शीवाद दिया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 17 मई को मनाया जाएगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** मुरादनगर रेलवे रोड संजय ट्रेवल्स भगवान परशुराम जन कल्याण सेवा समिति के कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें शहर के सभी सम्मानित पत्रकार बंधु उपस्थित रहे यह प्रेस वार्ता आगामी 17 मई दिन रविवार को होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर थी जिसमें भगवान परशुराम जन कल्याण सेवा समिति के राष्ट्रीय सचिव पं अरुण शर्मा ने संचालन किया और साथ ही भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सह परिवार सभी लोगों को आने का निवेदन किया! प्रोग्राम की अध्यक्षता भगवान परशुराम जन कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष बॉबी पंडित जी द्वारा



किया गया जिसमें माननीय अध्यक्ष जी ने अपने विचार रखें और सब समाज के लोगों के लिए एक संदेश दिया कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु जी के छठे अवतार हैं तो यह केवल किसी विशेष जाति के नहीं सर्व समाज के भगवान है तो सभी से निवेदन है कि आगामी 17 मई दिन रविवार को आप सभी सह परिवार मित्र गण सहित सादर आमंत्रित हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे भगवान परशुराम जन कल्याण सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष बॉबी पंडित, राष्ट्रीय सचिव पं अरुण शर्मा,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं मनोज शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पं राजेंद्र शर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संदीप शर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शिवकुमार शर्मा उर्फ लाला प्रधान, राष्ट्रीय उप सचिव सचिन शर्मा, पं शशिकांत शर्मा, पं देवेंद्र शर्मा, ठेकेदार, पंडित मयंक शर्मा, शांकित त्यागी, आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बुकिंग के 20 दिन बाद भी नहीं मिल रहा गैस सिलेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सेक्टर 23 संजय नगर के निवासी हरस्वरूप सिंगल ने एक पत्र देकर आरोप लगाया कि उन्होंने भारत पेट्रोलियम के दिशा निर्देशों के अनुसार बीते 23 अप्रैल को अपना गैस सिलेंडर बुक कराया था लेकिन उनका गैस तय समय के बाद भी उनके घर पर नहीं पहुंचा। जबकि वही के रहने वाले अन्य लोगों ने उनके बाद गैस सिलेंडर बुक कराया और उनका गैस उनके घर पहुंच गया है। आरोप है कि व्यक्तिगत रूप से वह कई बार गैस एजेंसी पर पहुंचे लेकिन उन्हें कोई ना कोई अग्रिम समय देकर वहां से टाल दिया गया। हालत यह है कि अभी तक उन्हें बुकिंग होने के बावजूद भी सिलेंडर नहीं मिला है। इस संबंध में उन्होंने सेक्टर 14 स्थित इंडियन गैस एजेंसी वह संबद्ध अधिकारियों को पत्र लिखकर संज्ञान लेने की गवार लगाई है।

# लोनी में 4.30 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** राष्ट्रीय लोकदल की लोनी नगरपा. लिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने बुधवार को वार्ड 31, 34 और 27 के विभिन्न क्षेत्रों में करीब 4 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया।

नगरपालिका अध्यक्ष ने बताया कि गीतांजलि विहार, प्रकाश विहार, सरस्वती विहार, कंचन पार्क, नाईपुरा, रूपनगर और श्याम इंडस्ट्रीज एरिया समेत कई कॉलोनियों में इंटरलॉकिंग टाइल्स और आरसीसी नालियों का निर्माण कराया जाएगा। इन कार्यों से क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं में सुधार होगा और लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी। इस मौके पर रंजीता धामा ने कहा कि विकास कार्यों की असली चाबी जनता के हाथ में होती है।



यदि जनता अपने बीच से मेहनती और जनहितैषी प्रतिनिधि चुनकर सदन में भेजती है, तो वह अपने अधिकार के साथ उससे जवाब मांग सकती है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि ऐसा होना चाहिए जो जनता की समस्याओं को अपनी समस्या समझे और उनके समाधान के लिए तत्परता से काम करे।

उन्होंने कहा कि लोनी की जनता ने पहले मनोज धामा को जनप्रतिनिधि चुना और बाद में धामा परिवार पर भरोसा जताते हुए उन्हें भी दो बार सेवा का अवसर दिया। उन्होंने इसे जनता का आशीर्वाद बताते हुए कहा कि भविष्य में भी वे जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

रंजीता धामा ने बताया कि कई स्थानों पर ऐसी संकरी गलियां हैं जहां पैदल निकलना भी मुश्किल था। वहां मजबूत रास्तों का निर्माण कराया जा रहा है ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सके।

साथ ही उन्होंने ठेकेदारों को निर्देश दिए कि बरसात से पहले सभी कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, जिससे बारिश के दौरान जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कार्यक्रम में सभासद जगत सिंह गुर्जर, याकीन अली, खूशनूद, इसरार बेग, अशफाक, विनय कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## किडजी मोदीनगर के छात्र ने राष्ट्रीय स्तर पर किया नाम रोशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** किडजी मोदीनगर के ग्रेड 1 के छात्र कौस्तुभ गोस्वामी ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 12वीं नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए क्वालिफाई किया और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र का नाम गर्व से ऊँचा किया। यह किडजी मोदीनगर के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है।

## मिलेनियम एकेडमी के छात्रों का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन, विमेश शर्मा बने स्कूल टॉपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** हापुड़ रोड स्थित मिलेनियम अकैडमी के छात्रों द्वारा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया, अपने-अपने वर्गों में बच्चों ने अच्छे नंबर लाकर स्कूल व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया, स्कूल की चेयरपर्सन नीतू चौधरी ने बताया कि विमेश शर्मा ने स्कूल टॉप किया है, उन्होंने बच्चों को उनकी कामयाबी पर मिठाई खिला कर बधाई दी।

विद्यालय के प्रबंधक चौधरी जसवीर सिंह ने बच्चों कि कामयाबी पर बच्चों का उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित की, विद्यालय के



VIMESH SHARMA

प्रधानाचार्य संदीप त्यागी ने बताया कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से परीक्षा में अच्छे अंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं वह अभिभावक शिक्षक मौजूद रहे!

# मुख्यमंत्री ने ईवी वाहनों को दी प्राथमिकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से किए गए 'राष्ट्र प्रथम' आह्वान का समर्थन करते हुए ईंधन बचत, ग्रीन मोबिलिटी और जिम्मेदार नागरिक व्यवहार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की।

मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक काफिले को सीमित करते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) एवं सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री आज डॉ. बी. आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय के 14वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए भी न्यूनतम सुरक्षा और इलेक्ट्रिक वाहन के जरिए पहुंची। उनका यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण बल्कि वीआईपी संस्कृति से आगे बढ़कर जिम्मेदार और संवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश है।मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि वह अपने काफिले में अधिकतर चार वाहनों को रखेंगी। उन्होंने न केवल अपने काफिले की गाड़ियों की संख्या कम की, बल्कि मंत्रियों और अधिकारियों को भी निर्देश दिया कि वे विभागीय कार्यों के लिए मेट्रो, बसों या इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता दें। उन्होंने सभी मंत्रियों, विधायकों, अधिकारियों और नागरिकों से भी सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रनिर्माण केवल बड़े निर्णयों से नहीं, बल्कि नागरिकों के छोटे-छोटे जिम्मेदार प्रयासों से होता है। अगर प्रत्येक व्यक्ति ईंधन, बिजली और संसाधनों की थोड़ी-थोड़ी बचत करेगा तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे देश की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर दिखाई देगा।

## दिल्ली में सरकारी कार्यालयों का समय होगा अलग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कार्यालयों का समय अब सुबह 10:30 बजे से शाम 7 बजे तक निर्धारित किया गया है, जबकि दिल्ली नगर निगम कार्यालय सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होंगे। केंद्र सरकार के कार्यालयों का समय सुबह 9 से शाम 5:30 बजे है। कार्यालयों के समय के इस अंतराल से ट्रैफिक का दबाव कम किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता से सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाने की अपील करते हुए कहा कि नागरिक अपनी सुविधा अनुसार एक दिन निजी वाहन का उपयोग न करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि अगले छह महीने तक दिल्ली सरकार कोई नया पेट्रोल, डीजल, सीएनजी या हाइब्रिड वाहन नहीं खरीदेगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि ग्रेड-1 से ग्रेड-8 तक के कर्मचारियों और अधिकारियों को यदि वे अपने ट्रांसपोर्ट अलाउंस का कम से कम 25 प्रतिशत सार्वजनिक परिवहन जैसे मेट्रो आदि पर खर्च करते हैं, तो सरकार की ओर से 10 प्रतिशत अतिरिक्त ट्रांसपोर्ट अलाउंस दिया जाएगा। मुख्यमंत्री के अनुसार माल वाहक कंपनियों से अपील की जाएगी कि वे अपने माल की ढुलाई ट्रकों के बजाय ट्रेन से करें। इससे डीजल की बचत होगी।

# एनडीएमसी में 33 फीसदी कर्मी करेंगे वर्क फ्रॉम होम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के 33 फीसदी कर्मचारी अब वर्क फ्रॉम होम करेंगे। परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इसका मकसद अनावश्यक आवागमन कम कर ईंधन की बचत सुनिश्चित करना है।

नई व्यवस्था के तहत चिन्हित विभागों के समूह बी और समूह सी के अधिकतम 33 प्रतिशत कर्मचारियों को जरूरत के अनुसार घर से काम करने की अनुमति दी जाएगी। विभागाध्यक्ष कर्मचारियों की क्रमवार ड्यूटी सूची तैयार करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्यालयी कामकाज और जनसेवाएं प्रभावित न हों। दूर-दराज इलाकों से निजी वाहनों के जरिए आने वाले कर्मचारियों को प्राथमिकता दिए जाने की बात कही गई है।

एनडीएमसी ने स्पष्ट किया कि घर से काम करने वाले कर्मचारियों को आधिकारिक संचार माध्यमों पर उपलब्ध रहना होगा और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्यालय पहुंचना अनिवार्य होगा। वहीं कई जरूरी सेवाओं को इस व्यवस्था से बाहर रखा गया है। इनमें सफाई एवं जनस्वास्थ्य सेवाएं, अस्पताल और आपातकालीन सेवाएं, बिजली और जल आपूर्ति कर्मचारी, उद्यान विभाग, अभियांत्रिकी एवं रखरखाव दल, प्रवर्तन और निरीक्षण टीमें तथा नियंत्रण कक्ष और आपदा प्रतिक्रिया कर्मचारी शामिल हैं।

## सेमीऑटोमैटिक पिस्टल के साथ धरा

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी जिले की एएटीएस ने जाफराबाद के चौहान बांगर इलाके से एक शातिर हथियारबंद अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल बरामद हुई है। इसकी पहचान चौहान बांगर, जाफराबाद निवासी 26 वर्षीय सुहैल उर्फ शेजी के रूप में हुई है। डीसीपी आशीष मिश्रा के अनुसार, 12 मई को गश्त के दौरान पुलिस को देखकर एक युवक संदिग्ध हालात में मौके से भागने लगा। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया और दबोचकर तलाशी लेने के बाद सेमी- ऑटोमैटिक पिस्टल समेत गिरफ्तार कर लिया। हथियार की बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जाफराबाद थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया।

# राज्यपाल ने शारदा पीठ पुस्तक का विमोचन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने नई दिल्ली में विश्व हिन्दू पीठ के अध्यक्ष आचार्य मदन द्वारा रचित पुस्तक 'शारदा पीठ-सती देश कश्मीर' का विमोचन किया। इस पुस्तक को जम्मू-कश्मीर की पुरातन आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक विरासत का महत्त्वपूर्ण दस्तावेज बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि शारदा पीठ भारत की गौरवशाली सभ्यता और सनातन परंपरा के ज्ञान के शाश्वत केंद्रों में से एक है। उन्होंने आचार्य मदन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह शोध आधारित पुस्तक शारदा पीठ के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व तथा कश्मीर की पहचान से उसके गहरे संबंध को प्रतिबिंबित कर रही है। इस प्रकार के साहित्य की युवा पीढ़ी को राष्ट्र की समृद्ध विरासत से पुनः जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राज्पाल ने कहा कि कश्मीर ऐतिहासिक रूप से शिक्षा और अध्यात्म का एक महत्त्वपूर्ण केंद्र रहा है तथा शारदा पीठ का भारतीय उपमहाद्वीप के विद्वानों, संतों और साधकों के बीच अत्यंत प्रतिष्ठित स्थान है।



**राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता नई दिल्ली में विश्व हिन्दू पीठ के अध्यक्ष आचार्य मदन द्वारा रचित पुस्तक 'शारदा पीठ-सती देश कश्मीर' का विमोचन करते हुए।**

# हथियार के बल पर युवती से लूटपाट, नाबालिग समेत दो धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पांडव नगर थाना पुलिस ने संजय झील इलाके में हुई लूटपाट की एक वारदात को सुलझाते हुए एक लुटेरे और एक नाबालिग को दबोच लिया है।

पुलिस ने इनकी निशानदेही पर लूटा गया मोबाइल फोन और महिला का हैंडबैग बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पूर्वी जिले के डीसीपी राजीव कुमार के अनुसार, 10 मई को शिकायत कर्ता निकिता अपनी एक दोस्त के साथ संजय झील इलाके में बैठी थीं। तभी दो अज्ञात लड़के उनके पास पहुंचे। एक लड़के ने निर्नि. कता को धक्का दिया और दूसरे ने जबरन उनका हैंडबैग लूट लिया। बैग में एक मोबाइल फोन और 800 रुपये नकद थे। वारदात को अंजाम देकर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

इस घटना को लेकर पांडव नगर पुलिस ने लूट संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और स्थानीय सूत्रों की भी मदद ली। तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचना के आधार पर 12 मई को संजय झील के पास जाल बिछाकर दोनों आरोपियों को दबोच लिया गया। मुख्य आरोपी की पहचान जवाहर मोहल्ला, शशि गार्डन निवासी 20 वर्षीय प्रेम के रूप में हुई है। वह 10वीं कक्षा का ड्रॉपआउट और नशे का आदी है।

प्रेम एक आदतन अपराधी है और उस पर पहले से पांडव नगर थाने में एक आपराधिक मामला दर्ज है। वारदात में शामिल उसका दूसरा साथी 17 वर्षीय नाबालिग है। फिलहाल पुलिस ने लूटा गया सामान बरामद कर लिया है और आगे की जांच की जा रही है।

# बस में खींचकर किया था गैंगरेप, कंडक्टर व चालक पकड़े, बस जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रानी बाग इलाके में सोमवार रात एक एक महिला के लिये भयावह रात की तरह बन गई,जब नौकरी से घर लौटते वक्त उसने एक प्राईवेट बस के कंडेक्टर से टाइम पूछ लिया। कंडेक्टर ने जबरन बस में खींचकर उसने और चालक ने गैंगरेप किया। इस भयावह वारदात के बाद रात के वक्त सडकों पर चलने वाली महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। बहरहाल मामले में महिला का मेडिकल करवाने के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बस को भी जब्त कर लिया है। इस पूरे मामले में पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज मोबाइल फोन कॉल डिटेल और बैंक खाते की डिटेल को भी खंगालने की को. शिश कर रही है। वहीं आरोपियों और पीडिघ्त महिला से भी पूछताछ की है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोमवार देर रात को नांगलोई पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। महिला कॉलर ने बताया कि उसके साथ प्राईवेट बस चालक और उसके साथी ने जबरन बस में खींचकर गैंगरेप किया है। पुलिस मौके पर पहुंची। महिला से जब उसका मेडिकल करवाने के लिये कहा गया। महिला ने पहले तो मेडिकल करवाने से मना कर दिया। बताया कि वह पीतमपुरा की झुग्गियों में रहती है और मंगोलपुरी की एक फैक्ट्री में काम करती है। उसका पति टीबी की बीमारी से ग्रस्त है। उसके तीन बेटियां भी हैं। उसको अपने घर पर जाकर खाना बनाना है और उनको खिलाना है। परिवार घर पर इंतजार कर रहा होगा। अगर वह काम पर नहीं जाएगी तो घर चलाना मुश्किल हो जाएगा। उसको अभी घर जाना है। पुलिस ने उसको काफी समझाया और मेडिकल करवाने के लिये तैयार किया। बाबू जगजीवन राम अस्पताल में महिला का मेडिकल करवाया। जिसमें बलात्कार होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने पीडिघ्ता की निशानदेही पर प्राईवेट बस को जब्त करके कंडेक्टर और चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने क्राइम और फॉरेंसिक टीम की सहायता से सबूत इक्ट्ठा किये।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती जांच में पीडिघ्ता से पता चला है कि वो नौकरी से घर की तरफ रात 11 बजे के आसपास पैदल जा रही थी। सरस्वती विहार बस स्टैंड के पास जब वह पहुंची। प्राईवेट बस आकर रूकी। जिसके कंडेक्टर से उसने टाइम पूछा, कंडेक्टर अचानक से गेट पर आया और उसको बस में जबरन खींच लिया। जिसके बाद वारदात को अंजाम दिया गया। नांगलोई इलाके में उसको बस से नीचे फैंककर आरोपी बस समेत फरार हो गए। जिसके बाद पीडिघ्ता ने पुलिस को फोन करके आपबीती बताई थी।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में कुछ ओर तथ्य सामने आए हैं। जिनपर जांच की जा रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस पूरे मामले में पुलिस पीडिघ्त महिला के मंगोलपुरी स्थित फैक्टरी से उसके घर तक के रूट और वारदात वाली जगह से लेकर पीडिघ्ता को नांगलोई इलाके में बस से फैंकने के साथ साथ वारदात के वक्त की मोबाइल फोन लोकेशन के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है।

# फील्ड टेस्ट किट वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नया सुभानपुर गांव, विकास खंड खेकड़ा, जनपद बागपत में जल सखियों को फील्ड टेस्ट किट वितरित की गई। इस अवसर पर डीपीएमयू टीम से विशाल कश्यप जी द्वारा जल गुणवत्ता जांच से संबंधित जानकारी देते हुए प्रत्येक महिला को फील्ड टेस्ट किट के उपयोग एवं उसके महत्व को सरल तरीके से समझाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में जल जीवन मिशन की चयनित आई एस ए राम मनोहर एजुकेशनल एंड समुदाय बाल विकास



सोसायटी के अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्र शुक्ला, पुनीत राठी, प्रिया, कमलेश, जूली, सोनिया, काजल तथा गांव के अन्य महिलाओं ने जल जांच का प्रशिक्षण सफलता पूर्वक प्राप्त किया और सभी को लैब इंचार्ज बागपत का फोन न दे दिया गया कुछ भी जल जांच संबंधी दिक्कत हो तो तुरंत संपर्क करे

## ईडी ने किया रॉबर्ट वाड्रा की याचिका का विरोध

**नई दिल्ली।** ट्रायल कोर्ट के समन को चुनौती देने वाली उद्यमी रॉबर्ट वाड्रा की याचिका का प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट में विरोध किया है। ईडी ने अदालत को बताया कि रॉबर्ट वाड्रा ने अपनी उस याचिका में झूठे और गलत बयान दिए हैं। ईडी ने कहा कि वाड्रा की याचिका जुर्माने के साथ खारिज होनी चाहिए। ईडी ने कहा कि वाड्रा ने याचिका में पूरी तरह से झूठी दलीलें दी गई हैं और आईपीसी की धारा 467 पीएमएलए अनुसू. ची में शुरू से ही मौजूद थी। रॉबर्ट वाड्रा ने दलील दी कि इसमें कोई गैर-कानूनी काम शामिल नहीं था और यह लेन-देन पूरी तरह से व्यावसायिक प्रकृति का था।



**नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी मेट्रो अथवा अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों का उपयोग करने को लेकर बैठक करते हुए।**

# नगर पालिका परिषद् देगी सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने घोषणा की कि प्रत्येक सोमवार सभी विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी मेट्रो अथवा अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों का उपयोग करेंगे। कर्मचारियों को भी कारपूलिंग एवं साझा परिवहन प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

मैदानी निरीक्षण एवं साइट विजिट के दौरान अधिकारी साझा URBANIA 16-सीटर वाहनों का उपयोग करेंगे ताकि निजी वाहनों का उपयोग कम हो सके। पर्यावरण अनुकूल परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए एनडीएमसी पार्किंग स्थलों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पार्किंग शुल्क में 50% छूट देने का प्रस्ताव रखा गया है।

एनडीएमसी ने दिल्ली ट्रैफिक पुलिस एवं दिल्ली पुलिस के साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए ई-रिक्शा एवं ई-ऑटो सेवाओं को बढ़ावा देने तथा उन्हें सुव्यवस्थित करने पर भी चर्चा की, ताकि अंतिम मील की कनेक्टिविटी बेहतर हो सके। चहल ने कहा कि एनडीएमसी अधिकारियों एवं फील्ड स्टाफ के बीच साइकिल उपयोग को और बढ़ावा देगी।

# सरकारी कॉलोनियों में रहने वाले कर्मचारियों के लिए मेट्रो स्टेशनों तक होगा फीडर बसों का विशेष रूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों के बीच सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली की 29 सरकारी कॉलोनियों में रहने वाले कर्मचारियों के लिए 58 फीडर बसों का विशेष रूट प्लान तैयार किया गया है, जो कर्मचारियों को कॉलोनियों से मेट्रो स्टेशनों तक पहुंचाने का कार्य करेंगी।

इसके साथ ही सभी विभागों के घरेलू यात्रा व्यय में भी 20 प्रतिशत तक कटौती की जाएगी तथा सरकार की 50 प्रतिशत बैठकों को ऑनलाइन मोड में आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से अपील की कि नॉन-प्रैक्टिकल क्लासेस, गेस्ट लेक्चर्स और प्रशासनिक बैठकों को अधिकतम ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जाए। अदालतों से भी अधिकतम ऑनलाइन सुनवाई करने का अनुरोध किया गया है ताकि परिवहन और ईंधन की बचत हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले एक वर्ष तक दिल्ली सरकार के मंत्री और अधिकारी किसी भी आधिकारिक विदेशी दौरे पर नहीं जाएंगे। पहले से निर्धारित कुछ आधिकारिक विदेशी कार्यक्रमों को भी रद्द कर दिया गया है। साथ ही अगले तीन महीने तक बड़े सरकारी सार्वजनिक कार्यक्रमों और कॉन्फ्रेंसों को सीमित रखा जाएगा।

उन्होंने दिल्लीवासियों से भी अपनी विदेशी यात्राओं को सीमित करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'मेड इन इंडिया' आह्वान को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली के बड़े मॉल्स और सुपरमार्केट्स में 'मेड इन इंडिया' कॉर्नर और प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।

# मल्टी-सेंसरी डिस्कवरी के जरिए फ्लेवर को दी नई परिभाषा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने 'ब्लेंडर्स प्राइड रिजर्व्ड एक्सपीरियंसेज' लॉन्च किया है, जो एक नया सांस्कृतिक प्लेटफॉर्म है। इसका उद्देश्य फ्लेवर को सिर्फ स्वाद तक सीमित न रखते हुए, उसे सभी इंद्रियों के जरिए महसूस करने का नया अनुभव देना है।

ब्लेंडर्स प्राइड रिजर्व्ड एक्सपीरियंसेज का आयोजन चंडीगढ़, गुरुग्राम, जयपुर और कोलकाता में किया जाएगा। इस अवसर पर शेफ कुणाल कपूर ने कहा, "अपने वास्तविक रूप में फ्लेवर कई परतों और अनुभवों से बना होता है। देबश्री दासगुप्ता चीफ मार्केटिंग ऑफिसर,परनोड रिकर्ड इंडिया ने कहा, "आज के उपभोक्ता ऐसे अनुभव चाहते हैं जो सिर्फ कार्यात्मक न होकर अधिक प्रीमियम, विचारशील और अलग हों।

ब्लेंडर्स प्राइड रिजर्व्ड एक्सपीरियंसेज के जरिए हम एक ऐसा सांस्कृतिक प्लेटफॉर्म बना रहे हैं, जो फ्लेवर की गहराई और जटिलता को मल्टी-सेंसरी अनुभवों में बदलता है।

# डिग्री समाज के प्रति जवाबदेही का संकल्पः उपराज्यपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता डॉ. बी. आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय के 14वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में शामिल हुए।

इस अवसर पर उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि पिछले 17 वर्षों में डॉ. बी. आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय ने सामा. जिक विज्ञान, मानविकी और जनसरोकारों के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। वर्ष 2008 में एक डिप्लोमा कार्यक्रम से शुरू हुई यह संस्था आज विभिन्न विषयों में अनेक शैक्षणिक पाठ्यक्रम संचालित कर रही है। वहीं, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के अथक परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति नई जिम्मेदारियों के संकल्प का भी महत्वपूर्ण क्षण होता है। विवि परिसर में आयोजित इस समारोह में दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, विश्वविद्यालय के कुलपति सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षकों और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इस दौरान विश्वविद्यालय के न्यूजलेटर एवं रिसर्च कम्पेंडियम का विमोचन भी किया गया, जो संस्थान की शैक्षणिक प्रगति का जीवंत दस्तावेज है।

आधुनिकता की ओर कदम बढ़ाते हुए डिग्री स्क्रॉल को डिजीलॉकर पर अपलोड करने की औपचारिक प्रक्रिया भी पूरी की गई। समारोह का शुभारंभ अतिथियों के एनसीसी गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ। इस वर्ष विश्वविद्यालय ने विभिन्न संकायों में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधियां प्रदान की गईं।

## जंतरमंतर बंगले की सेल डीड पर कोर्ट ने उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जंतर-मंतर रोड स्थित बंगले के लिए कांग्रेस के पक्ष में बिक्रीनामा (सेल डीड) निष्पादित करने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने बृहस्पतिवार को सवाल उठाया है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव की पीठ ने याचिका स्वीकार्यता पर कुछ आपत्तियां उठाते हुए कहा कि अंता. रम राहत की मांग वाली याचिका पर तभी विचार किया जाएगा जब कांग्रेस कोर्ट को याचिका की स्वीकार्यता के बारे में संतुष्ट कर देगा। साथ ही अदालत ने याचिका पर केंद्र व दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

# अपमानजनक आरोप लगाने वालों पर कार्यवाही शुरू करने का फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाला मामले में सीबीआई की अपील याचिका पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित दो अन्य की तरफ से एमिकस क्यूरी नियुक्त करने को लेकर न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के खिलाफ मानहानिकारक, अपमानजनक और अवमाननापूर्ण आरोपों लगाने वाले प्रतिवादियों के खिलाफ अदालत ने अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का फैसला किया है। न्यायमूर्ति शर्मा ने मामले पर सुनवाई शुरू करने से पहले कहा कि इस पर चुप नहीं बैठ सकते। उन्होंने कहा कि अदालत ने कुछ प्रतिवादियों और अन्य अवमानना करने वालों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का फैसला किया है। इस संबंध में आदेश पारित किया जाएगा।

बता दें कि मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने के बाद अदालत ने केजरीवाल, सिसोदिया सहित एक अन्य के खिलाफ एमिकस क्यूरी नियुक्त करने का निर्णय लिया था।

# ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

■ छह साइबर ठग पुलिस के हत्थे चढ़े



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की टीम ने सब्सिडी लोन दिलाने का झांसा देकर देशभर के सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के नाम पर लोगों को फंसाते थे। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेंद्र सिंह ने बताया कि थाना बिसरख पुलिस और साइबर सेल की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कृष्णा काउंटी टावर-ए सेक्टर-1 की छत से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान धर्मराज राठौर, रवि कुमार, किशन राठौर, अक्षय, किरण नायर और किरण बाबू राठौर के रूप में हुई। सभी आरोपी मूलरूप से कर्नाटक के बीजापुर और विजयपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे इंस्टाग्राम, फेसबुक समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आधार और पैन कार्ड से संबंधित आकर्षक विज्ञापन चलाते थे। विज्ञापन इस तरह तैयार किए जाते थे कि बेरोजगार युवक, छोटे कारोबारी और लोन की जरूरत वाले लोग आसानी से प्रभावित हो जाएं। जैसे ही कोई व्यक्ति विज्ञापन पर क्लिक करता, उसके सामने आरोपियों का मोबाइल नंबर दिखाई देता। लोन के इच्छुक व्यक्ति जब इस नंबर पर कॉल करते तो गिरोह के सदस्य खुद को सरकारी योजना से जुड़े अधिकृत लोन अधिकारी बताकर बातचीत शुरू करते। आरोपी लोगों को बताते थे कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत उन्हें सब्सिडी आधारित व्यावसायिक लोन बेहद कम ब्याज दर पर दिलाया जाएगा। इसके बाद फाइल चार्ज, प्रोसेसिंग फीस, बीमा, एनओसी, जीएसटी और अन्य औपचारिकताओं के नाम पर लोगों से अलग-अलग बैंक खातों में रकम जमा कराई जाती। आरोपी प्रति व्यक्ति दो लाख से चार लाख रुपये तक की रकम वसूलते थे। रकम जमा होने के बाद आरोपी मोबाइल नंबर बंद कर देते।

**सरगना के कर्नाटक में छिपे होने की आशंका:** पुलिस की छानबीन में पता चला है कि गिरोह के सरगना के कर्नाटक में छिपे होने की आशंका है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक सरगना ने आरोपियों को ठगी का धंधा शुरू करने के लिए ग्रेटर नोएडा भेजा था। इसके बाद से आरोपी यहां लोगों को जाल में फंसा रहे थे। आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि वे वीडियो कॉल के जरिए सरगना के संपर्क में रहते थे। उसी के इशारे पर पूरा खेल खेला जा रहा था लोगों से ठगी के रुपये भी आरोपी के खाते में जाते थे। पुलिस खातों की जानकारी जुटा रही है।

# सपनों के घर में न आने दे पछतावे की दरार, जांच पड़ताल के बाद ही खरीदे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** घर का सपना कहीं जिंदगी की सबसे बड़ी गलती न बन जाए। चमकदार विज्ञापन, ऊंचे-ऊंचे वादे और श्ड्रीम होमश के दावों के बीच उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (यूपी रेरा) ने घर खरीदारों को बड़ा अलर्ट जारी किया है। प्राधिकरण ने साफ कहा है कि बिना जांच-पड़ताल के प्रोजेक्ट में पैसा लगाना भारी पड़ सकता है। इसलिए बिल्डर की बातों पर आंख मूंदकर भरोसा करने के बजाय पहले उसकी पूरी सच्चाई परख लें, वरना बाद में पछताने के अलावा कुछ नहीं बचेगा। प्रोजेक्ट व बिल्डर के बारे में यूपी रेरा की वेबसाइट पर पूरी जानकारी मिलेगी। यूपी रेरा के हेल्पडेस्क नंबर 9151602229 व 9151642229 पर फोन कर भी मदद मांग सकते हैं।

यूपी रेरा में इस समय 4098 प्रोजेक्ट पंजीकृत हैं। इनमें से करीब 50 प्रतिशत प्रोजेक्ट निर्माणाधीन है। जबकि हर माह प्रदेश में 20 से अधिक नए प्रोजेक्ट शुरू हो रहे हैं। जहां खरीदार फ्लैट, दुकान और प्लॉट खरीद रहे हैं, लेकिन उससे पहले यूपी रेरा ने सभी को सचेत किया है। ताकि उनके साथ धोखाधड़ी नहीं हो सके। यूपी रेरा ने एडवाइजी जारी कर खरीदारों को सचेत किया है। कहा है कि घर खरीदने से पहले प्रोजेक्ट और बिल्डर के बारे में पूरी जांच-पड़ताल कर लें। यूपी रेरा की वेबसाइट पर पूरी जानकारी उपलब्ध है। साथ ही हेल्पडेस्क की भी मदद ले सकते हैं। पोर्टल पर प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी लेने की पूरी प्रक्रिया को सार्वजनिक किया है। ताकि खरीदारों का आसानी हो सके।

**संपत्ति खरीदने से पहले यें जांच करनी जरूरी**

**भूमि का स्वामित्व और टाइटल:** प्रोजेक्ट जिस जमीन पर बना है, उसका स्वामित्व स्पष्ट और कानूनी रूप से वैध हैं। जमीन पर कोई विवाद या बकाया या कानूनी दावा नहीं होना चाहिए। पोर्टल पर वैधता की पुष्टि होगी।

**स्वीकृत नक्शा और ले-आउट प्लान :** प्रोजेक्ट का स्वीकृत नक्शा और ले-आाउट संबंधित प्राधिकरण से अनुमोदित होना चाहिए। जो निर्माण दिखाया है, वो स्वीकृत नक्शा के आधार पर होना चाहिए।

## मिनी ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**नोएडा।** सलारपुर गांव स्थित भंगेल एलिवेटेड रोड पर बुधवार शाम मिनी ट्रक के चालक ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल स्कूटी सवार को उपचार के लिए नोएडा के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कुलेसरा गांव निवासी 36 वर्षीय केशव गुप्ता स्कूटी पर सवार होकर कुलेसरा से नोएडा जा रहे थे। भंगेल एलिवेटेड रोड पर सलारपुर गांव के पास एक मिनी ट्रक के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

# गश्त बढ़ाने के लिए 25 पीआरवी सड़क पर उतारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने गुरुवार को गश्त बढ़ाने और पुलिस रिस्पॉन्स टाइम को मजबूत करने के लिए 25 नए दोपहिया पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) वाहनों को डायल-112 बेड़े में शामिल किया। सेक्टर-108 स्थित कार्यालय से इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। इन नए पीआरवी वाहनों की तैनाती का मुख्य उद्देश्य शहर में पुलिस की सतर्कता बढ़ाना, ट्रैफिक और भीड़भाड़ वाले इलाकों में तेजी से पहुंच सुनिश्चित करना और इमरजेंसी कॉल पर तुरंत कार्रवाई करना है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इन वाहनों के शामिल होने से डायल-112 की प्रतिक्रिया क्षमता और मजबूत होगी।



खासकर संकरी सड़कों, बाजारों और हाई ट्रैफिक वाले इलाकों में पुलिस पहले से ज्यादा तेजी से मौके पर पहुंच सकेगी। यह पीआरवी तीनों जोन में चलेंगी। इनमें नोएडा जोन में 10, सेंट्रल नोएडा जोन में 10 और ग्रेटर नोएडा जोन को पांच अतिरिक्त पीआरवी मिली हैं। कमिश्नरेट लगातार आधुनिक तकनीक, उन्नत संसाधनों और नए वाहनों को शामिल कर पुलिसिंग सिस्टम को मजबूत कर रहा है। इसका उद्देश्य आम लोगों को बेहतर सुरक्षा और तेज पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है।

इस मौके पर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. राजीव नारायण मिश्र, पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा शैलेंद्र कुमार सिंह, प्रभारी डीसीपी ट्रैफिक एवं डायल-112 अभय कुमार मिश्र और एसीपी ट्रैफिक एवं प्रोटोकॉल शकील अहमद समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### बिजली का काम करने से इनकार पर मिस्त्री और उसकी पत्नी से मारपीट

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** जेवर क्षेत्र के थोरा गांव में बिजली मिस्त्री और उसकी पत्नी से मारपीट की गई। पीड़ित का आरोप है कि युवक ने बिजली का काम करने से मना करने पर घर में बंधक बनाकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक थोरा गांव निवासी केशव इलेक्ट्रीशियन है। उसने पुलिस को बताया कि गांव निवासी गोविंद आठ मई को उसे बिजली का काम करने के लिए बुलाने आया। उसने काम करने से मना किया तो गोविंद उसे जबरन अपने घर ले गया। वहां उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। इसी बीच उनकी पत्नी संजना उन्हें ढूंढते हुए पहुंची तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की। उन्हें और पत्नी को गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### दो करोड़ की रंगदारी नहीं देने पर जमीन कब्जाने की धमकी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** गुलिस्तानपुर में जमीन कब्जाने की धमकी और दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। मामले में किशोर एक्सपोर्ट्स कंपनी के डायरेक्टर ने बुधवार को सूरजपुर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि गुलिस्तानपुर में एलजी चौक के पास स्थित कंपनी की भूमि है। उनका आरोप है कि इंशाद अली ने कंपनी से दो करोड़ रुपये की मांग की थी और मांग पूरी नहीं होने पर जमीन कब्जाने व परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। उनका कहना है कि नौ मई को आरोपी 10-15 लोगों के साथ कंपनी में पहुंचा और मुख्य गेट तोड़ने का प्रयास किया। कुछ लोग दीवार फांदकर परिसर में घुस गए और गाली-गलौज करते हुए कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों को जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान धक्का-मुक्की व हाथापाई में एक कर्मचारी घायल हो गया। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

### स्कूल में शराब व ड्रग्स की अफवाह, पहुंची पुलिस

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-39 स्थित स्कूल में शराब और ड्रग्स मिलने का मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल संदेश में दावा किया गया कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक के करीब 30 छात्र स्कूल परिसर में शराब और नशीले पदार्थों के साथ पकड़े गए हैं। यह भी कहा गया कि नशीला सामान स्कूल के ही कक्षा 11वीं का छात्र लाया था। मैसेज मिलते ही पुलिस मामले की जांच करने स्कूल पहुंच गई। सेक्टर-39 के थाना प्रभारी डीपी शुक्ला के अनुसार सूचना मिलने पर पुलिस टीम स्कूल पहुंची और पूरे मामले की जांच की गई। जांच के दौरान स्कूल परिसर से शराब या किसी प्रकार के ड्रग्स बरामद नहीं हुए।

### परिजन को बिना बताए लाल किला देखने गए चार बच्चे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** परिजन को बिना बताए दो पड़ोसियों के चार बच्चे लाल किला घूमने पहुंच गए। इससे चिंतित परिजनों ने सूरजपुर कोतवाली में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज करा दी। पुलिस बच्चों ने बच्चों की तलाश शुरू की ही थी कि वह घर लौट आए। भनौता की झुग्गी झोपड़ी में दो परिवार रहते हैं। पीड़ित पिता ने बताया कि बुधवार सुबह उनकी 16 व 12 वर्षीया बेटियां और पड़ोसी की 14 वर्षीया बेटी व 12 वर्षीय बेटा खेलने निकले थे। काफी देर तक उनके घर नहीं लौटने पर पुलिस से शिकायत की गई। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि गुमशुदगी का मामला दर्ज कर बच्चों की तलाश में टीमें लगाई गईं। सीसीटीवी फुटेज की जांच गई। इसी बीच बुधवार को चारों बच्चे लौट आए और बताया कि वे लाल किला घूमने गए थे और रात होने पर रेलवे स्टेशन पर सो गए थे।

## डीएससी रोड पर सीआरपीएफ कैंप के सामने 40 दिनों तक रहेगा डायवर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्राधिकरण ने सीआरपीएफ कैंप के सामने दादरी-सूरजपुर-छलेरा (डीएससी) रोड पर पुलिया का निर्माण शुरू कर दिया है। इसके लिए डीएससी रोड पर करीब 40 दिन डायवर्जन रहेगा। रास्ते से आने वाले वाहनों को सर्विस रोड पर डायवर्ट किया गया है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि डायवर्जन से यातायात बाधित नहीं हो इसकी व्यवस्था की गई है। नाला बनने के बाद इकोटेक-3 में जलभराव की समस्या खत्म हो जाएगी। औद्योगिक सेक्टर इकोटेक-3 में हर वर्ष बारिश के बाद जलभराव की समस्या रहती है। प्राधिकरण ने पिछले साल सेक्टर में नाले का निर्माण कराया लेकिन उसे हिंडन नदी से जोड़ा नहीं जा सका। इस कारण जलभराव की समस्या जस की तस रही। अब मानसून से पहले प्राधिकरण ने सेक्टर के नाले को हिंडन से जोड़ने का काम शुरू किया है। औद्योगिक सेक्टर से डीएससी रोड और डीएससी रोड से हिंडन नदी तक नाला बनकर तैयार है। केवल डीएससी रोड से जल निकासी के लिए पुलिया का निर्माण बाकी है। वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर ने बताया कि पहले चरण में सूरजपुर से कुलेसरा की तरफ जाने वाली सड़क पर काम शुरू किया गया है। इस कारण सीआरपीएफ कैंप के सामने से यातायात को मुख्य सड़क से सर्विस रोड पर डायवर्ट किया गया है।

## कार से टक्कर मारने का विरोध करने पर तीन लोगों को पीटा

**ग्रेटर नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के बोड़ाकी एक्सटेंशन में मकान के सामने रैंप पर खड़े होने पर कार से टक्कर मारने और विरोध करने पर मारपीट का आरोप लगा है। मारपीट में घायल तीनों लोगों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। मामले में एक नामजद व अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कोतवाली प्रभारी दीनानाथ यादव ने बताया कि ग्रेटर नोएडा की बीटा सेक्टर के सौरभ 12 मई को रात के 10:30 बजे रैंप पर खड़े थे, तभी पड़ोस में रहने वाले विकास के जीजा मनीष ने उन्हें कार से टक्कर मार दी। इसका विरोध करने पर उन्होंने अज्ञात लोगों को बुला लिया व उनके स्टाफ हरीश व रिंकू और उनको लाठी-डंडों से मारना शुरू कर दिया।

# पुरानी रंजिश में जानलेवा हमला, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के पारसौल गांव में पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पिता-पुत्र शामिल हैं, जिन्हें बुधवार को जेल भेज दिया गया। यह मामला पारसौल गांव निवासी मंजू द्वारा कोर्ट के आदेश पर दनकौर कोतवाली में दर्ज कराया गया था। पीड़ित मंजू ने आरोप लगाया कि 4 अप्रैल को पड़ोसियों ने पुरानी रंजिश के चलते उनके घर में घुसकर परिवार के सदस्यों पर हमला किया। आरोपियों ने लाठी-डंडों और अन्य हथियारों से हमला किया, जिसमें परिवार के कई सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर गज्जू उर्फ गजेंद्र, दीपांशु, यशू, प्रिंस, प्रेम सहित लगभग 10 आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने बुधवार को नामजद आरोपी गज्जू उर्फ गजेंद्र और उसके बेटे यशू को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## धोखाधड़ी कर खाते से चार लाख रुपये निकाले

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की एक सोसाइटी में रहने वाले एक युवक के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक साइबर ठग ने पीड़ित के अलग-अलग खातों से चार लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अजनारा होम्स सोसाइटी में रहने वाले मुलायम सिंह की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि एक अंजान नंबर से उनके पास कॉल आई। कॉलर ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया और बातों में उलझाकर कुछ जानकारी मांग ली। इसके बाद पीड़ित के एक खाते से तीन लाख रुपये और दूसरे खाते से एक लाख रुपये निकाल लिए गए।

# नोएडा हिंसा के आरोपी के खाते में आए एक करोड़

■ रुपए डॉलर, पाउंड और यूरो जैसी करेंसी में आए, एनएसए की कार्रवाई शुरू




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में 13 अप्रैल को हिंसक प्रदर्शन के मामले में पुलिस ने आरोपी सत्यम वर्मा और आकृति पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सत्यम वर्मा के खाते में एक करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम विदेशों से आई है। यह रुपए डॉलर, पाउंड और यूरो जैसी विदेशी मुद्राओं में अलग-अलग देशों से भेजा गया।

पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों की आंदोलन के दौरान हिंसा भड़काने, आगजनी कराने और शहर में अराजकता फैलाने में अहम भूमिका रही। इसी कारण इनके खिलाफ सख्त कदम उठाया गया है। जांच के दौरान सत्यम वर्मा से जुड़े कुछ चौंकाने वाले तथ्य भी सामने आए हैं। पुलिस का दावा है कि सत्यम के निजी बैंक खातों में जो पैसा आया उसे तत्काल दूसरे निजी खातों में ट्रांसफर कर दिया जाता था।

**विदेशी फंडिंग की जांच शुरू:** अधिकारियों के अनुसार, सत्यम वर्मा कई संगठनों से जुड़ा हुआ है, जिनकी अब गहन जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस बैंक खातों और सभी ट्रांजेक्शन की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में विदेशी फंडिंग और अन्य कनेक्शन की भी पड़ताल की जा रही है।

**किन खातों से आया पैसा:** सत्यम के खाते में जिन एकाउंट से पैसा ट्रांसफर किया गया उसकी जांच भी की जा रही है। ये पैसा अन्य किन खातों में गया। किस लिए ये पैसा यहां आया था। इसके अलावा हवाला के एंगल से भी जांच की जा रही है। बता दे 13 अप्रैल को नोएडा के फेज-2 और सेक्टर-63 में आगजनी की घटना हुई थी। इसके अलावा इंडस्ट्री में तोड़फोड़ भी की गई थी।

# तीन महीने से पहले 50 हजार आयुष्मान कार्ड बनाने होंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** तीन महीने से पहले जिले के लाभार्थियों के 50 हजार आयुष्मान कार्ड बनाने होंगे। बुधवार देर शाम ग्रेटर नोएडा स्थित विकास भवन में आयोजित बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर माइक्रो प्लान भी मांगे गए। पांच से अधिक विभागों को काम सौंपे गए हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने वाले सभी कर्मचारियों और अधिकारियों से अपना लक्ष्य निर्धारित करने की बात कही गई। साथ ही लक्ष्य को पूरा करने के लिए माइक्रोप्लान देने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से माइक्रोप्लान सौंप दिया गया है। वहीं अन्य सरकारी विभागों ने गुरुवार को माइक्रोप्लान सौंपे। स्वास्थ्य विभाग ने दादरी और जेवर में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए गुरुवार को शिविर का आयोजन किया।

भविष्य में भी इसी तरह से अलग-अलग स्थानों पर शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में आयुष्मान योजना की समीक्षा की गई। इस कार्य की गति धीमी होने पर अधिकारियों ने नाराजगी जाहिर की। साथ ही कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।दो महीने पहले भी शासन की ओर से जिले में 45 हजार आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया गया था। ये 15 फरवरी तक बनाने थे, लेकिन लक्ष्य से काफी कम ही कार्ड बन पाए थे। आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अलावा कोटेदार, आंगनबाड़ी, आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को इस योजना से जोड़ा गया था।

# कॉल कर बुलाई युवती अगले दिन मृत मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** चोटपुर कॉलोनी निवासी युवक ने बुधवार रात कॉल गर्ल को अपने कमरे पर बुलाया। गुरुवार सुबह युवती मृत मिली। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक चोटपुर कॉलोनी में एक युवक किराये के घर में रहता है। वह एक प्राइवेट फैक्टरी में नौकरी करता है। वह गुरुवार सुबह थाने पहुंचा और पुलिस को बताया कि उसने बुधवार रात एक युवती को कॉल करके बुलाया था। रात में दोनों ने शराब का सेवन किया और सो गए। वह गुरुवार सुबह फैक्टरी जाने के लिए उठा तो उसने युवती को उठाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं उठी। उसके एक कान से खून बह रहा था। इस पर वह घबरा गया और थाने पहुंचा।

**पुलिस की कार्रवाई:** सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके से साक्ष्य एकत्र किए। वीडियोग्राफी कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पूछताछ में युवक ने पुलिस को बताया कि वह युवती का नाम और पता नहीं जानता। इससे पहले वह दो-तीन बार उसे कमरे पर बुला चुका था।

# नोएडा एयरपोर्ट से कार्गो उड़ान शुरू करने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कार्गो उड़ान शुरू करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसके लिए एयरपोर्ट बनाने वाली कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (यापल), कार्गो हब विकसित करने वाली कंपनी एयर इंडिया सेट्स सर्विस प्राइवेट लिमिटेड और अफकॉम होल्डिंग लिमिटेड के बीच साझेदारी हुई है।

इस समझौते के तहत अफकॉम होल्डिंग्स लिमिटेड अपने मालवाहक विमानों को नोएडा एयरपोर्ट पर तैनात कर कार्गो उड़ान संचालित करेगा। इससे नोएडा एयरपोर्ट उत्तर भारत में बड़े लॉजिस्टिक्स और कार्गो हब के रूप में विकसित होगा। इसके साथ ही तीनों साझेदार विदेश में नए कार्गो बाजार की तलाश करेंगे। माल ढुलाई की मांग के अनुसार नेटवर्क तैयार करेंगे और इंफ्रास्ट्रक्चर एवं संचालन सुविधाओं को विकसित करने के अलावा कार्गो सेवाओं के प्रचार के लिए संयुक्त मार्केटिंग रणनीति भी तैयार करेंगे।




बताया गया कि अफकॉम कंपनी चेन्नई की एक अंतरराष्ट्रीय कार्गो एयरलाइन है। कंपनी के पास तीन बोइंग 737-800 मालवाहक विमान हैं और बैंकॉक, यांगून (पूर्व नाम रंगून), हनोई, कोलंबो, माले और दुबई जैसे शहरों तक सेवाएं देती है। यह कंपनी सामान्य माल, परियोजना का सामान, जल्दी खराब होने वाला सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स और खतरनाक वस्तुओं की ढुलाई भी करती है। अफकॉम के चेयरमैन कैप्टन दीपक परासुरमन ने कहा कि यह साझेदारी ग्राहकों को विश्वस्तरीय एयर कार्गो सेवाएं देगी और नोएडा एयरपोर्ट को बड़ा लॉजिस्टिक्स केंद्र बनाएगी। इससे नए व्यापार मार्ग खुलेंगे और उद्योगों की सप्लाई चेन छोटी और तेज होगी।

> भारत में तेजी से बढ़ती व्यापार और लॉजिस्टिक्स जरूरतों को देखते हुए आधुनिक कार्गो इंफ्रास्ट्रक्चर जरूरी है। यह समझौता भारत को वैश्विक लॉजिस्टिक्स हब बनाने में मदद करेगा।
>
> **- रमनाथन राजामणि, सीईओ एआई सेट्स**

> यह साझेदारी एयरपोर्ट पर मजबूत कार्गो व्यवस्था बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। इससे उत्तर भारत को वैश्विक व्यापार से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।
>
> **- किरण जैन, सीओओ नोएडा एयरपोर्ट**

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# थानाभवन में विकास कार्यों पर उठे सवाल

❑ गृहकर-जलकर विवाद ने खोली नगर पंचायत की आर्थिक हकीकत।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** 50 हजार से अधिक आबादी वाली नगर पंचायत थानाभवन में गृहकर और जलकर की नई दरों को लेकर शुरू हुआ विवाद अब केवल टैक्स वसूली का मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह राजनीतिक और प्रशासनिक प्रतिष्ठा का विषय बन चुका है। जनता के भारी विरोध, लगातार शिकायतों और बढ़ते राजनीतिक दबाव के बाद आखिरकार नगर पंचायत प्रशासन को अपने कदम पीछे खींचने पड़े। पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा की मौजूदगी में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 31 मार्च 2027 तक नगर क्षेत्र में किसी प्रकार का गृहकर और जलकर नहीं वसूला जाएगा और न ही किसी नागरिक पर कोई पेनल्टी लगाई जाएगी।

नगर पंचायत द्वारा हाल ही में गृहकर और जलकर की नई दरें लागू की गई थीं। प्रशासन का तर्क था कि नगर के विकास कार्यों को गति देने के लिए टैक्स बढ़ाना आवश्यक है, लेकिन नई दरों के लागू होते ही कस्बे में विरोध शुरू हो गया। लोगों का आरोप था कि बिना पर्याप्त जानकारी और जनस. हमति के अचानक भारी टैक्स थोप दिया गया, जिससे आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने लगा। विरोध इतना बढ़ा कि मामला राजनीतिक गलियारों तक पहुंच गया और स्थानीय नेताओं से लेकर प्रदेश स्तर के नेताओं तक को हस्तक्षेप करना पड़ा। इस पूरे विवाद के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा भी सवालों के घेरे में आ गए। संघर्ष समिति और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इसे जनता पर आर्थिक हमला बताते हुए आंदोलन शुरू कर दिया। कस्बे में कई स्थानों पर बैठकों और विरोध प्रदर्शनों का दौर चला। राजनीतिक दलों ने भी इस मुद्दे को जनता के बीच प्रमुखता से उठाया, जिससे मामला और अधिक तूल पकड़ता गया। बैठक में दोबारा सर्वे कराने और नई दरों की समीक्षा करने की बात कही गई है, लेकिन अब नगर में एक नई बहस छिड़ गई है। लोगों का कहना है कि यदि करीब एक वर्ष तक नगर पंचायत को गृहकर और जलकर से आय नहीं होगी तो विकास कार्य कैसे संचालित होंगे। नगर में सड़क मरम्मत, सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट और अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए नगर पंचायत को आर्थिक संसाधनों की आवश्यकता होती है। ऐसे में टैक्स वसूली पर रोक लगने से विकास योजनाओं पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष का कहना है कि पहले भी लगभग 56 लाख रुपये की वार्षिक वसूली होती थी और नई दरों में केवल मामूली बढ़ोतरी की गई थी, लेकिन जनता का गुस्सा यह संकेत दे रहा है कि बिना विश्वास में लिए और पारदर्शिता के बिना लिया गया कोई भी फैसला अब आसानी से स्वीकार नहीं किया जाएगा। फिलहाल नगर पंचायत प्रशासन बैकफुट पर दिखाई दे रहा है, जबकि जनता इस फैसले को अपनी जीत मान रही है। अब सबकी नजर दोबारा होने वाले सर्वे और नई कर व्यवस्था पर टिकी हुई है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि नगर पंचायत जनता और विकास के बीच संत. ुलन कैसे बनाती है।

# सेंट आरसी में तकनीकी कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित दो दिवसीय तकनीकी कार्यशाला में नन्हे विद्यार्थियों ने विज्ञान और तकनीकी शिक्षा के विभिन्न मॉडल तैयार कर सीखने की नई विधियों को समझा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि छात्र जीवन में वैज्ञानिक आविष्कारों का विशेष महत्व है। प्रयोगात्मक तकनीकी शिक्षा विद्यार्थियों को व्यावहारिक वातावरण में अन्वेषण, प्रयोग और सीखने का अवसर प्रदान करती है। कार्यशाला में हरिद्वार की टेक्निकल फाउंडेशन ऑफ इंडिया की सात सदस्यीय टीम ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को तकनीकी शिक्षा दी। टीम में इंजीनियर मनीष, उमा,




उर्वी, हिमांशी, ममता, विपिन, संयम तथा कृष्णा शामिल रहे। कक्षा नर्सरी के बच्चों को फोम पीस की सहायता से वैन का वर्किंग मॉडल बनवाया गया, जिसके माध्यम से उन्हें विभिन्न आकृतियों की पहचान कराई गई। वहीं एलकेजी के बच्चों को पेपर शीट, कटआउट एवं वेल्को की मदद से मानव इंद्रियों का कार्यशील मॉडल बनवाकर आंख, कान, नाक, जीभ और त्वचा की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक गतिविधियों में भाग लिया। प्रधानाचार्य उजमा जैदी ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्यक्ष रूप से वैज्ञानिक मॉडल तैयार करने से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ढंग से विज्ञान सीखने और कौशल विक. सित करने में सहायता मिलती है।

# 22 पव्वे अवैध शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**थानाभवन।** जनपद में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना थानाभवन पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 22 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद की है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देशानुसार जिलेभर में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना थानाभवन पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 22 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम तसव्वर पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम हसनपुर लुहारी थाना थानाभवन जनपद शामली बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा। लगातार हो रही शराब बरामदगी की घटनाओं ने यह सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं कि गांवों और कस्बों तक अवैध शराब का नेटवर्क आखिर किसकी शह पर फैल रहा है। हालांकि पुलिस का दावा है कि अभियान पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा और अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए रखने की मांग की है, ताकि अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

# ऐतिहासिक ईदगाह के संबंध में हुआ अहम मशवरा

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। तारीखी ईदगाह के ताल्लुक् से आज सराय वाली मस्जिद में बरोज़ जुमेरात एक अहम मशवरा मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें कस्बा कैराना के गणमान्य लोगों, उलेमा-ए-किराम, समाजी अफ़राद, ताजिरान और अहल-ए-इल्म ने शिरकत की। इस मीटिंग की सरपरस्ती जामा मस्जिद कैराना के शाही इमाम हज़रत मौलाना ताहिर साहब ने फरमाई।

मीटिंग का आग़ाज़ तिलावत-ए-क़ुरआन और दुआ के साथ हुआ, जिसके बाद कैराना की तारीखी ईदगाह की हिफाज़त, साफ-सफ़ाई, इंतिज़ामात और आने वाली ईद-उल-अज़्हा की नमाज़ को बेहतर तरीके से अदा कराने के मसाइल पर तफ्सील के साथ ग़ौर किया गया। इस मौके पर तमाम मौजूद अफ़राद की राय से "कैराना ईदगाह कमेटी" के गठन का फैसला लिया गया, जिसमें करीब 15 से 20 जिम्मेदार और समाजी अफ़राद को शामिल किया गया। कमेटी का मकसद ईदगाह की देखरेख, उसकी पाकीज़गी, इंतेज़ामी उसूलों की पाबंदी और समाजीक इत्तेहाद को मज़बूत करना बताया गया। मौलाना ताहिर साहब ने अपने खिताब में फरमाया कि कैराना की ईदगाह सिर्फ एक इबादतगाह नहीं बल्कि कस्बे की तारीख़, तहज़ीब और मुसलमानों की इत्तेहादी पहचान है। उन्होंने अफ़सोस जाहिर करते हुए कहा कि कुछ लोग ईदगाह में जाकर गंदगी, बे-हुरमती और गैर-मुना. सिब हरकतें करते हैं, जिनकी वजह से मुक़द्दस मकाम की अजमत मुतास्सिर होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे अफ़राद से बातचीत कर इस अमल को फौरन बंद कराने की कोशिश की जाएगी और जरूरत पड़ने पर जिम्मेदाराना



तरीके से सख्त कदम भी उठाए जाएंगे। मौलाना साहब ने कहा कि आने वाली ईद-उल-अज़्हा की नमाज़ को इंतेहाई बेहतर, पुर-अमन तरीके से अदा कराने के लिए प्रशासन के साथ तालमेल बनाकर काम किया जाएगा, ताकि नमाज़ियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि बढ़ती हुई आबादी, जगह की कमी और इंतिहाई भीड़ को देखते हुए अगर शरीअत और प्रशासनिक नियमों के तहत मुमकिन हो तो ईदगाह में दो या तीन मर्तबा ईद की जमाअत कराने पर ग़ौर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हर जमाअत के दरमियान लगभग 30 से 40 मिनट का वक्फा रखा जाए तो यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और नमाज़ियों की आवा. जाही को बेहतर तरीके से संभाला जा सकता है। काज़ी शादाब एडवोकेट की बातों का मौजूद लोगों ने समर्थन किया और इसे वक्त की जरूरत बताया। इस मौके पर बार काउंसिल कैराना के पूर्व अध्यक्ष इंतज़ार एडवोकेट साहब ने भी अपने ख्यालात पेश करते हुए कहा कि अगर शरीअत के दायरे में रहकर और प्रशासनिक मंजूरी के साथ व्यवस्था बनाई जा सके तो दो मर्तबा जमाअत कराना बेहतर इंतिज़ाम साबित हो सकता है। पार्किंग, पानी, रोशनी और इमरजेंसी व्यवस्था के लिए अलग जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। शासन की गाइडलाइन और स्थानीय प्रशासन के नियमों का पूरी तरह पालन किया जाएगा। मीटिंग में मौजूद तमाम जिम्मेदार लोगों ने इस बात पर इत्तेफाक किया कि ईदगाह की अजमत, सफाई, अमन और इंतिज़ाम को बेहतर बनाने के लिए जल्द ही संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर एक मुकम्मल गाइडलाइन और व्यवस्था तैयार की जाएगी। इस अहम मशवरा मीटिंग में हाजी अब्दुल कय्यूम साहब, पूर्व सभासद मेहरबान अंसारी साहब, सभासद प्रत्याशी शमीम अहमद भाई, हाजी नसीम साहब सहित कई गणमान्य और समाजी अफ़राद मौजूद रहे। इस मौके पर मोलाना इमरान, मुफ्ती खालिद, कारी गय्यूर, कारी इमरान, मौलवी मुरसलीन, मुफ्ती फरहान, मोहम्मद आबिद, मौलवी मुनव्वर, कारी असजद, मौलवी शफीक, इरफान चौधरी, पूर्व पालिकाध्यक्ष राशिद अली, इरफान उर्फ़ फान्नू, गय्यूर अली, मस्जिद सराय सदर अब्दुल हकीम, शकील अहमद, हाजी अफजाल, हाजी वाजिद अली, इलयास, अमीन शमीम अहमद इन्तजार एडवोकेट शाहिद हसन सभासद हाजी क़य्यूम तोसीफ सभासद रहीश अहमद फिरोज़ ख़ान सालिम मेम्बर वहाब सिद्दीकी

# जनरल स्टोर का शटर उखाड़ कर सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मोहल्ला बिसातियान निवासी मौ. फरहान पुत्र हाजी अकबर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी सर्राफा बाजार में सूफी जी जनरल स्टोर के नाम से दुकान है। मंगलवार रात वह रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार सुबह सूचना मिली कि दुकान का शटर उखड़ा हुआ है। जिसमें दुकान से हजारों रूपए की नकदी व सामान भी गायब मिला। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच की।

# विवाहिता का आरोप: पति समेत नौ लोगों ने गला घोंटकर मारने का किया प्रयास, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के मोहल्ला आलदरम्यान इकरामपुरा निवासी एक विवाहिता ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के नौ लोगों पर मारपीट, उत्पीड़न और गला घोंटकर हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता शबाना पुत्री जमीर अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 16 नवंबर 2024 को सूजडू, मुजफ्फरनगर निवासी मुशाहिद पुत्र नासिर के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद उसे पति के किसी अन्य महिला से संबंध होने की जानकारी मिली। विरोध करने पर पति उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज करने लगा। महिला का आरोप है कि जब उसने इसकी शिकायत सास आसमा, ससुर नासिर, जेठ सद्दाम और आरिफ से की तो उन्होंने मामले को दबाने का प्रयास किया। कई बार समझौते के बावजूद पति के व्यवहार में सुधार नहीं आया। तहरीर के अनुसार 11 मई को पति के मोबाइल में दूसरी महिला से बातचीत के सबूत देखने के बाद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि उसी रात पति समेत ससुराल पक्ष के नौ लोग उसके कमरे में पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि आरो. पियों ने दुपटे से उसका गला घोंटकर हत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर आरोपी उसे कमरे में छोड़कर फरार हो गए। महिला ने बताया कि होश आने पर उसने मायके वालों को घटना की जानकारी दी। अगले दिन जब मायके पक्ष के लोग उसे लेने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्रता और मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति मुशाहिद, ससुर नासिर, सास आसमा, जेठ आरिफ व सद्दाम, देवर आलिम व सबील, ननद रेशमा और जेठानी आसमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ।

# भाजपा का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की दर्जनों महिला पदाधिकारियों ने गुरुवार को शामली कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर हमीरपुर से सपा सांसद द्वारा प्रधानमंत्री पर की गई कथित अभद्र टिप्पणी का विरोध जताया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री कविता चौहान के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ता कलक्ट्रेट पहुंचीं और धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने प्रधानमंत्री के समर्थन में नारेबाजी करते हुए सपा सांसद के खिलाफ रोष व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहेंगे, सपा सांसद माफी मांगो जैसे नारे लगाए। महिलाओं ने



कहा कि देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करना बेहद निंदनीय है और ऐसे जनप्रतिनिधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सपा सांसद द्वारा माफी नहीं मांगी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में मीनू संगल, बृजेश देवी, ममता जैन, डॉ नीरज सैनी, अनिता सैनी, कमलेश सैनी सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

# एसपी ने पुलिस और पीएसी के साथ किया पैदल गश्त

## मारपीट और पथराव की घटना में वांछितो को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लालवाला प्रकरण का खुलासा होने के बाद बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मयंक पाठक ने पुलिस के साथ लालवाला गांव में पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मयंक पाठक ने पुलिस और पीएसी के जवानों के साथ लालवाला गांव की गलियों में पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आमजन से संवाद स्थापित करते हुए शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने का आह्वान किया। एसपी ने गांव में ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता एवं प्रभारी निगरानी बनाए रखने के लिए भी जरुरी दिशा निर्देश





दिए। बता दें, कि नौ मई को लालवाला गांव में जमीन पर कब्जे को लेकर राजूपत और अनुसूचित समाज के बीच विवाद हो गया था। इस दौरान पथराव भी किया गया था। मामला हाईप्रोफाइल होने के बाद डीएम ने प्रकरण की जांच के लिए कमेटी गठित की थी। रिपोर्ट आने के बाद बुधवार को पुलिस ने प्रकरण का खुलासा करते हुए लालवाला गांव निवासी शेर सिंह उर्फ शेरु और अक्षय को गिरफ्तार कर साजिश का पर्दाफाश किया था। बावजूद इसके मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस पूरी तरह सतर्कता बरती रही। सुरक्षा की दृष्टि से गांव में अभी भी पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं, लालवाला में भूमि स्वामित्व विवाद में हुई मारपीट ओर पथराव की घटना में पुलिस ने तीन ओर वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस के मुताबिक लालवाला गांव निवासी आशीष, सागर और सूरज को सहारनपुर मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित नवीन मंडी स्थल के समीप से गिरफ्तार किया गया। जबकि पुलिस ने बुधवार को प्रकरण में शेर सिंह उर्फ शेरु और अक्षय को गिरफ्तार किया था। मामले में रविंद्र राणा की ओर से 21 नामजद सहित 71 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई हुई है। पुलिस अभी तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से नामजद आरोपी फरार चल रहे हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगातार विभिन्न स्थानों पर दबिश दे रही हैं।

# कार व बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल

**देवबन्द।** कार एवं बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। टक्कर लगने के बाद कार अनियंत्रित होकर खेत में उतर गई। पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। बृहस्पतिवार की शाम सहारनपुर मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित साखन नहर के समीप देवबंद की ओर से आ रही तेज गति कार ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी। इसमें बाइक पर सवार गांव की तरफ आ रहे साखन खुर्द निवासी मोहित कुमार और सतपाल सड़क पर दूर जाकर गिरे और गंभीर घायल हो गए। इस दौरान टक्कर लगने के बाद कार सड़क किनारे खेत में उतर गई। बताया गया है कि कार चालक को भी चोट आई है, लेकिन वह पुलिस के पहुंचने से पहले ही वहां से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बाइक सवारों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस का कहना है कि कार के नंबर से उसके मालिक का पता लगाया जा रहा है।





# उद्योग व्यापार मंडल के स्थापना दिवस का आयोजन

**देवबन्द।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के 28वे स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि संगठन का एकमात्र उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराना है।

प्रीत विहार कालोनी स्थित पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के 28वे स्थापना दिवस पर संदीप शर्मा एड. के आवास पर आयोजित हुए कार्यक्रम में व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक तायल ने कहा कि व्यापार मंडल अपने स्थापना के समय से ही व्यापारियों के लिए संघर्ष करता आ रहा है। नगर महामंत्री राजेश सिंघल ने कहा कि व्यापारियों की असली ताकत संगठित रहना है। कहा कि व्यापार में आने



वाले समस्याओं के निवारण के लिए संगठन द्वारा समय समय पर विभिन्न प्रकार के कैंप लगाए जाते हैं। इस दौरान एक दूसरे को मिठाई खिलाकर संगठन के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी गई। संरक्षक मनोज सिंघल, जिला उपाध्यक्ष अजय गर्ग, सलीम कुरैशी, रोबिन अग्रवाल, रिजवान अंसारी, फिरोज गौर, वंश राज सिंघल, पुष्कर वर्मा, राशिद कमाल, रिहान अहमद आदि संगठन के लोग संयुक्त रूप से शामिल रहे।

# सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता के आपत्तिजनक बयान पर ब्राह्मण समाज ने की कड़ी निंदा

**देवबन्द।** सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज. कुमार भाटी के ब्राह्मण समाज के विरुद्ध दिए गए आपत्तिजनक बयान की ब्राह्मण समाज ने कड़ी निंदा की है। वक्ताओं ने उनके बयान को करोड़ों ब्राह्मणों की धार्मिक एवं सामाजिक भावनाओं का अपमान करने वाला बताया। देवीकुंड परिसर में आयोजित ब्राह्मण समाज की बैठक में रोहित को. शिक ने जातिवादी एवं विद्वेषपूर्ण मान. सिकता की कड़े शब्दों में निंदा की। कहा कि किसी भी जाति, समाज अथवा वर्ग के विरुद्ध सार्वजनिक मंच से अपमानजनक टिप्पणी करना सामा. जिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। शुभम वत्स, विशाल शर्मा और मनोज भारद्वाज ने संयुक्त रुप से कहा कि समाज में वैमनस्य फैलाने वाले और ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयान देने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाने का दुस्साहस न करें। इस मौके पर आचार्य वासुदेव भारद्वाज, आचार्य मोहित शर्मा आदि शामिल रहे।

# छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के संबंध में दी जानकारी

**देवबन्द।** एचएवी इंटर कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय भाषा समर कैंप में छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानाचार्य कार्यालय की कार्यशैली से भी अवगत कराया गया।एचएवी इंटर कॉलेज प्रांगण में कैंप के दूसरे दिन शिक्षकों ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ पौधों का महत्व बताया। छात्रों ने विद्यालय के खेल मैदान और वाटिका में जाकर वहां लगे पेड़-पौधों के संबंध में जानकारी ली। साथ ही भौतिक विज्ञान, रसायन विभाग और जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं का भी भ्रमण किया। प्रधानाचार्य हेम सिंह ने छात्रों को स्वदेशी व स्थानीय वस्तुएं खरीदने के लिए प्रेरित किया। कैंप प्रभारी प्रमोद कुमार, शिवनंदन, विजेंद्र चौधरी, राजेश कुमार, शिवओम त्यागी, साकेत दीक्षित, रविकांत आदि शिक्षक शामिल रहे।

# सभासद वाजिद ने की पालिकाध्यक्ष की कार्यशैली की सराहना

**देवबन्द।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष और सभासदों के कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कार्यकाल के दौरान नगर में हुए विकास कार्यों का बखान किया गया।

सभासद डॉ. वाजिद मलिक के आवास पर बृहस्पतिवार को हुए कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग और सभी वार्ड सभासदों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। पालिकाध्यक्ष विपिन कुमार गर्ग ने कहा कि कार्यकाल के दौरान बिना किसी भेदभाव के नगर के हर वार्ड और हर गली में रिकॉर्ड विकास कार्य कराए जा रहे हैं। डॉ. वाजिद मलिक ने पालिकाध्यक्ष की कार्यशैली की जमकर सराहना की।

